भाद्रपद कृष्ण पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 87 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

10 सितंबर 2023 रविवार

आज का मौसम

28 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### लाडली बहना योजना का चौथा पड़ाव

# मुख्यमंत्री चौहान ने खातों में डाले ₹1269 करोड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा चुनाव में लाडली बहना योजना का ग्वालियर में आज चौथा पड़ाव है। गेमचेंजर मानकर चल रही राज्य की भाजपा सरकार आज 1.31 करोड़ महिलाओं के खाते में योजना का पैसा भेज रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर से प्रदेश की महिलाओं के खाते में राशि अंतरित की। इससे पहले कल वे खरगोन में गरीब महिलाओं को साढे चार सौ रूपये में सिलेंडर देने की सुविधा जारी रखने का ऐलान कर चुके हैं। सरकार ने ऐलान किया है कि लाडली बहना योजना के तहत अगले महीने से महिलाओं के खाते में हर महीने 1250 रू भेजे जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने आज सुबह ग्वालियर पहुंचकर अचलेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा-अर्चना कर शहर में 'जन दर्शन यात्रा' (रोड शो) शुरू की है। इसके बाद वे फूलबाग मैदान पहुंचकर ÷राज्य स्तरीय महिला हितग्राही सम्मेलन÷ में सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश की महिलाओं के खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की चौथी किस्त अंतरित करेंगे। इसके बाद वे करीब 380 करोड़ रूपए लागत के 23 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे तथा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट ढंग से अपने दायित्वों का कुशल निर्वहन करने वालीं महिला अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।



फाइल फोटो

## कल से सरकारी रेट पर सोना

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

अगर आप सोने में निवेश करने के इच्छुक हैं तो सरकार एक बार फिर से लोगों को सस्ते में सोना खरीदने का मौका दे रही है। सॉवेरन गोल्ड बॉन्ड 2023-24 की दूसरी सीरीज कल 11 सितंबर से शुरू होने जा रही है, पांच दिन तक लोग इस स्कीम के तहत कम कीमत पर सोना खरीद सकेंगे. सरकार बाजार भाव से कम कीमत पर सोना बेचती है और इस बार सोने की कीमत 5,923 रुपये प्रति ग्राम तय की गई है। दूसरी सीरीज में लोग 15 सितंबर तक सस्ते में सोना खरीद सकते हैं। रिजर्व बैंक ने गोल्ड बॉन्ड स्कीम की इस किश्त की सेटलमेंट डेट 20 सितंबर तय की है। इस सरकारी योजना को अब तक लोगों का जबरदस्त रिस्पांस मिला था।



## पूर्व भाजपा विधायक गिरिजा शंकर कांग्रेस में शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भाजपा छोडने वाले पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा आज कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। इससे पहले शर्मा सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पहुंचें व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस की सदस्य ली। उनके साथ कई भाजपा पदाधिकारी, वर्तमान पार्षद, पूर्व पार्षद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्यों के भी कांग्रेस में शामिल होने की आसार हैं। इससे पहले सुबह नर्मदापुरम में नर्मदा पूजन के बाद शर्मा भोपाल रवाना हुए थे। हालांकि कांग्रेस में शर्मा के शामिल होने पर स्थानीय स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों के भीतर कुछ मतभेद भी हैं। शर्मा की पारिवारिक पृष्ठभूमि को लेकर भी कई तरह की बातें की जा रही हैं। इसका शिकवा करने नर्मदापुरम से कांग्रेस के कुछ नेता भी कल कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। शर्मा के भाई डा सीतासरन शर्मा भाजपा के विधायक हैं और विस अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वहीं टीकमगढ़ की भक्ति तिवारी ने भी आज कांग्रेस की सदस्यता ली।




### नई दिल्ली में जी 20 शिखर बैठक का आज आखिरी दिन

# भारत ने पार की चुनौती अब वन फ्यूचर पर मंथन, सांसत में चीन लौटे बाइडेन

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

जी-20 समिट के दूसरे दिन आज भारत अगले साल होने वाली समिट के लिये ब्राजील को अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंप रहा है। वहीं समिट का तीसरा और आखिरी सेशन (वन फ्यूचर) शुरू हो गया है। ये तीसरा सेशन है, इससे पहले वन अर्थ, वन फैमिली सेशन में जी-20 देश के नेताओं ने भाषण दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भारत दौरे के बाद लौट गए हैं। वे नई दिल्ली से वियतनाम के दौरे पर गये हैं। हालांकि इससे पहले सुबह बाइडेन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दुनिया के तमाम बड़े नेता भी महात्मा गांधी की समाधि स्थल पर पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर में भी पत्नी संग दर्शन करने के लिए पहुंचे।

इधर माना जा रहा है कि भारत ने जी-20 अध्यक्षता के दौरान सबसे बड़ी चुनौती को पार कर लिया है। दरअसल यूक्रेन युद्ध के कारण माना जा रहा था कि संयुक्त विज्ञप्ति पर सहमति नहीं बन पाएगी लेकिन आखिरकार सदस्य देशों ने इस पर सहमति जताई है। अमेरिका समेत पश्चिमी देश चाहते थे कि इसमें रूस की निंदा से जुड़ा पैराग्राफ भी शामिल किया जाए। इसका रूस और चीन विरोध कर रहे थे। भारत की अध्यक्षता में अगर ऐसा हो जाता तो यह एक बड़ी डिप्लोमैटिक हार होती लेकिन भारत सभी सदस्यों को एक साथ लाने में कामयाब रहा। इस डॉक्यूमेंट में रूस-यूक्रेन युद्ध का कोई खास जिक्र नहीं किया गया है। यूक्रेन जहां इससे खुश नहीं है तो रूस ने इसे संतुलित बयान बताया है।



### राजघाट पर सभी नेता, अक्षरधाम में सुनक

**इटली के रूख से परेशान चीन :** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने भारत के जी-20 सम्मेलन में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को चर्चा की है। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई जब इटली चीन के महत्वाकांक्षी प्रोजक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से हटने की योजना बना रहा है। इटली का मानना है कि उसे इस चीनी प्रोजक्ट से अपेक्षित परिणाम नहीं मिला। मेलोनी ने शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के जगह शामिल हुए चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात के दौरान अपने देश में निवेश और व्यापार करने के लिए 'निष्पक्ष, न्यायसंगत और गैर-भेदभावपूर्ण कारोबारी माहौल' प्रदान करने का वादा किया।



### खालिस्तानी प्रेम के चलते नजरें चुराते रहे टूडो

जी 20 में जिस बात पर लोगों का खासतौर ध्यान गया है वह है कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो का रुख। दरअसल वे उखड़े उखड़े नजर आए। जब पीएम मोदी ने मुस्कुराहट के साथ नमस्कार करते हुए उनका स्वागत किया वो उनसे कुछ बोले भी लेकिन टूडो का व्यवहार बाकी नेताओं से अलग रहा। वो तस्वीर क्लिक होते ही तुरंत आगे बढ़ गए। उनके ट्विटर पर एक भी तस्वीर पीएम मोदी के साथ नहीं दिख रही। उन्होंने ब्रिटिश पीएम समेत अन्य नेताओं के साथ मुलाकात की तस्वीर जरूर शेयर की हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वो कनाडा में खुशी खुशी रहकर भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले खालिस्तानियों को नाराज नहीं करना चाहते। गौरतलब है कि कनाडा की सड़कों पर आए दिन खालिस्तान बनाम हिंदुस्तान का नजारा दिखता है। खालिस्तानी आतंकी न केवल भारतीय दूतावास के बाहर पहुंचकर हुड़दंग मचाते हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाते हैं. ये भारत विरोधी नारे लगाते हैं। वहीं जब भारत कनाडा के सामने इस मुद्दे को उठाता है, तो भी टूडो भारत को ही गलत ठहराने लगते हैं।

## महिला से गैंगरेप, कपड़े लेकर भाग गए आरोपी



**भीलवाड़ा, एजेंसी।**

राजस्थान के भीलवाड़ा में दिल दहला देने वाली वारदात हुई है। यहां कुछ आरोपियों ने एक महिला से गैंगरेप किया व उसके कपड़े भी साथ ले गए। महिला जब सड़क पर लोगों ने चीखते-चिल्लाते हुए मदद मांग रही थी, तो लोगों ने उसे पागल समझकर उसकी मदद नहीं की। बाद में पुलिस ने पहुंचकर उसे मदद की। घटना गंगापुर की है। रात खाना खाने के बाद एक महिला टहलने निकली थी तभी तीन युवकों ने उसे किडनैप कर जीप में डाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया व निर्वस्त्र छोड़ दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

## भोजशाला की फेंसिंग काटी, सरस्वती प्रतिमा रखने का प्रयास

**धार, एजेंसी।**

ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर आज फिर प्रशासन में हडकंप है। भोजशाला आज सुबह फिर सुर्खियों में इसलिया आ गई है क्योंकि इंटरनेट मीडिया पर फोटो और वीडियो सामने आया जिसमें भोजशाला में गर्भगृह वाले स्थान पर पाषाण की मां सरस्वती की प्रतिमा रखी हुई दिखाई दी। इसके बाद हिंदू संगठन सक्रिय हुए और भोजशाला पहुंचे तब तक वहां से प्रतिमा हटा दी गई थी।

अब हिंदू संगठन का आरोप है कि पुलिस द्वारा प्रतिमा हटाई गई है। मां सरस्वती यहां पर भक्तों को दर्शन देने के लिए प्रकट हुई थी। वहीं पुलिस प्रशासन ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा कि भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन स्थित भोजशाला परिसर के बाहर लगी तार फेंसिंग को अज्ञात सामाजिक तत्वों द्वारा रात्रि में काट दिया गया था। स्मारक में मूर्ति रखने का प्रयास किया गया है। पुलिस ऐसा करने वाले की पहचान कर उसके खिलाफ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई कर रही है।



**अभी यह है इंतजाम :** ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा एक आदेश दे रखा है। इसके तहत प्रति मंगलवार को हिंदू समाज को पूजा अर्चना करने की अनुमति है। जबकि शुक्रवार को यहां नमाज अदा की जाती है। शेष 5 दिन भोजशाला पर्यटकों के लिए खुली रहती है। यहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। बाहर पुलिस चौकी भी बनाई गई है। सीसीटीवी कैमरे लगा रखे है।

**हिंदू संगठन ने प्रतिमा वापस रखने की मांग की:** इधर हिंदू संगठन भोजशाला सत्याग्रही गोपाल शर्मा ने बताया कि हमें इस बात की जानकारी लगी की मां सरस्वती की प्रतिमा गर्भगृह में रखी गई है। यह किसने रखी है, हमें नहीं मालूम लेकिन हमारे धर्म मे मान्यता है की प्रतिमाएं स्वयं प्रकट होती है। यदि किसी ने रखी भी है तो उसने अच्छी पहल की है। हम लगातार कई सालों से केवल आंदोलन कर रहे हैं।


## सूर्ययान सही दिशा में, तीसरी बार बदली कक्षा



**नई दिल्ली।** सूर्य का अध्ययन करने निकले भारत के सूर्ययान के बारे में इसरो ने ताजा अपडेट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पहले सौर मिशन आदित्य एल-1 ने तीसरी बार सफलतापूर्वक कक्षा बदली है। इसरो ने बताया कि इसे मॉरीशस, बेंललुरू और पोर्ट ब्लेयर में उसके ग्राउंड स्टेशनों से मिशन की प्रक्रिया को ट्रैक किया गया था। आदित्य एल-1 ने इसी हफ्ते चांद और धरती के साथ अपनी एक सेल्फी भेजी थी। इसके बाद इसरोने एक बार फिर आदित्य एल-1 के बारे में गुड न्यूज दी है। इसरो ने ट्वीट में लिखा कि बेंगलुरु के इसरो अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र से दूसरे अर्थ बाउंड मैन्यूवेयर को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस ऑपरेशन के दौरान इसरो के मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर स्थित ग्राउंड स्टेशनों ने उपग्रह को ट्रैक किया।

## बॉक्स ऑफिस गुलजार, *जवान* ने दो सौ करोड़ कमाए

**मुंबई एजेंसी।** चार दिन पहले रिलीज हुई 'जवान' फिल्म बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म तो बनी ही अब सबसे जल्द दो सौ करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली फिल्म भी बन गई है। पहले दिन इसने करीब 75 करोड की रेकार्ड ओपनिंग की थी मगर शुक्रवार को वर्किंग डे का असर पड़ा व कमाई गिरकर 53 करोड़ पर आ गई। अब ताजा आंकडे बता रहे है कि शनिवार दिनभर में शाहरुख की फिल्म के लिए जंप रहा व बाक्स ऑफिस पर फिर से 73 से 75 करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ है। सिर्फ तीन ही दिन में शाहरुख की फिल्म ने भारत में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर डाला है।



### मेट्रो एंकर

### आज भारी बारिश का अलर्ट, भाजपा सांसद मनोज तिवारी *शताब्दी* में फंसे

# बादलों का आक्रामक अभियान, रेल ट्रैक धंसा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के अधिकांश जिलो में मेहरबान बादलों ने सावन की कसर पूरी करने का 'अभियान' चला रखा है। इस बीच आज भोपाल नर्मदापुराम,ग्वालियर व जबलपुर संभाग के जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उधर चंबल इलाके में बीती रात हुई तेज बारिश के कारण नदी के बीहड़ों में बने हेतमपुर रेलवे स्टेशन के आसपास पटरियों के नीचे से मिट्टी बह जाने के चलते ग्वालियर और आगरा ट्रैक पर सुबह से ट्रेनों की आवाजाही ठप है।

इसके चलते नई दिल्ली से ग्वालियर की तरफ आने वाली राजधानी और भोपाल की तरफ जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस धौलपुर स्टेशन पर ही खड़ी है। बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने के लिए ग्वालियर आ रहे बीजेपी सांसद और भोजपुरी फिल्म स्टार मनोज तिवारी भी घंटों से शताब्दी एक्सप्रेस में धौलपुर में अटके हुए हैं। उन्हें आज भिण्ड जिले के मेहगांव में जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होना है। दरअसल सुबह-सुबह दिल्ली के तरफ से महत्वपूर्ण ट्रेन आतीं हैं। ट्रैक में दिक्कत की सूचना मिलते ही पहले राजधानी और फिर भोपाल जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को तत्काल धौलपुर रेलवे स्टेशन पर ही होल्ट करवा दिया गया। उधर, ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की भीड़भाड़ है, क्योंकि यहां से शताब्दी से बड़ी संख्या में यात्री भोपाल और झांसी जाते हैं। अब वे यहां बेचैन हैं।



# 2 इंच बरसात से शहर के बिगड़े हालात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बीती रात जबर्दस्त बारिश से शहर के दर्जनों इलाकों में अफरातफरी के हालात हैं। इनमें कोलार, होशंगाबाद रोड, छोला, करोंद, अशोका गार्डन, बाणगंगा, शिव नगर, सुभाष नगर, मंदाकनी, बावड़िया कला समेत 50 से अधिक इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है और आज भी तेज बारिश के आसार सामने हैं। शनिवार को भोपाल में 2 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। कोलार, करोंद, अयोध्या बायपास, अवधपुरी, करोंद, होशंगाबाद रोड समेत कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई थी। अयोध्या बायपास और रायसेन रोड समेत कई इलाकों में दोपहर 3 बजे बाद से रूक-रुककर बारिश होती रही। इसके अलावा एमपी नगर, कोलार, बावड़ियाकलां, होशंगाबाद रोड समेत कई इलाकों में भी तेज पानी गिरा है।





### मामले में दंपति की काउंसलिंग जारी, पत्नी की शर्तः लिखित में मिले गारंटी, पति नहीं करेंगे गुटका-शराब का सेवन


# शराब-गुटका के लिए रोका तो पति ने घर से निकाला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पति को शराब और गुटका के सेवन करने से रोकना पत्नी के लिए भारी पड़ गया। पत्नी की रोक-टोक पति को इस कदर नागवार गुजरी कि उसने पत्नी को चार साल के बच्चे सहित घर से निकाल दिया। अब गुस्सा शांत होने के बाद पति पत्नी को घर वापस लाने के लिए काउंसलर के चक्कर काट रहा है। वहीं पत्नी तलाक की जिद पकड़े है। पत्नी का कहना है कि पति लिखित में गारंटी दे कि वह अब शराब-गुटका को हाथ नहीं लगाए, तभी वह ससुराल वापस आएगी। हालांकि मामले में दंपति की काउंसलिंग की जा रही है।

**शादी को हो गए 7 साल:** दरअसल, यह मामला राजधानी के जहांगीराबाद क्षेत्र में सामने आया है। मामले में दंपति की शादी को करीब 7 साल हो चुके हैं और एक चार साल का बेटा भी है। दोनो की मुलाकात एक रिश्तेदार की शादी में हुई थी। जिसके बाद परिवार की रजामंदी से शादी हुई थी। दंपति चार साल तक साथ रहे और करीब तीन साल से अलग रह रहे हैं। मामले में पत्नी की ओर से भरण-पोषण का केस लगाया गया है। पत्नी का कहना है कि जब पति से मुलाकात हुई थी तब वह शराब और गुटके का सेवन नहीं करते थे। इसके साथ ही शुरूआत में पति का व्यवहार भी बहुत शांत था, लेकिन दो साल बाद पति ने शराब और गुटका शुरू कर दिया। मना करो तो घर में विवाद होता था। एक दिन जब पति शराब पीकर आए तो घर में खूब विवाद हुआ और सुबह पति ने घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह राजस्थान में अपनी बहन के साथ रह रही है।

**पत्नी ने पकड़ी तलाक की जिद**



### सास-ससुर बहुत अच्छे हैं

मामले में पत्नी के अनुसार, उसके सास-ससुर बहुत अच्छे हैं। वह हमेशा सपोर्ट करते हैं। इस विवाद के बाद वह घर वापस बुला रहे हैं और उनका कहना है कि मैं उनके साथ उसी घर में रहूं। पति को अपना जीवन जीने दूं और मैं अपनी लाइफ में व्यस्त रहूं और बच्चे का ख्याल रखूं। पत्नी का कहना है कि जब पति ही सुधरने के लिए तैयार नहीं है तो मैं उस घर में नहीं जाना चाहती। मामले में पति का कहना है उसने पत्नी को घर से नहीं निकाला है, बल्कि वह खुद ही गुस्से में बेटे को लेकर मायके चली गई है। वह पत्नी को वापस लाने के लिए तैयार है।

# नवाब कॉलोनी में कचरे का ढेर मिला तो दारोगा पर गिरी गाज

### शहर की सफाई व्यवस्था पर खानापूर्ति कर भूले अधिकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नवाब कॉलोनी में कचरे का ढेर मिला तो दारोगा सचिन चौहान को निलंबित कर दिया। तब भी सुधार नहीं हुआ। नवाब कॉलोनी और इससे लगे क्षेत्रों में रविवार को हाल जस का तस रहा। बहुत कुछ बदला नहीं दिखा। यहां तक कि कचरा ही नहीं उठाया गया। जिसके कारण आम लोगों को परेशान होना पड़ा। इसका निगम के अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा। बल्कि हुआ यूं कि अधिकारी सिर्फ एक दारोगा को हटाकर खानापूर्ति कर बैठे।

### दूसरे दिन भी नवाब कॉलोनी समेत अन्य क्षेत्रों में नहीं सुधरी सफाई व्यवस्था

शनिवार शाम को नगर निगम ने एक प्रेस नोट जारी कर दावा किया कि स्वास्थ्य आयुक्त शनिवार सुबह वार्ड 77 का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके साथ जोन 17 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भी थे। निरीक्षण के दौरान उनको नवाब कॉलोनी में गंदगी और कचरे का ढेर मिला था। कचरे का पृथक्कीकरण नहीं किया जा रहा था।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में भी गंदगी

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित अन्य जगहों पर भी गंदगी मिली। कचरा नहीं उठाया जा रहा था। सफाई के नाम पर चार कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी वजह से यहां के प्रभारी दरोगा सचिन चौहान को लापरवाही बरतने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं रखने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया था।

## दादा वासवानी की स्मृति में डाक टिकट जारी

**हिरदाराम नगर।** महान संत दादा जे. पी. वासवानी पर डाक विभाग ने डाक टिकट जारी किया है।12 सितंबर 2023 को एक समारोह में टिकट जारी किया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रमेश बैस डाक टिकट जारी करेंगे। साधु वासवानी मिशन ने डाक टिकट जारी करने को एतिहासिक मौका बताते हुए खुशी जाहिर की है। कार्यक्रम केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवू सिंह चौहान, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फनवीस व अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। टिकट अनावरण समारोह दोपहर 12 बजे साधु वासवानी मिशन पुणे में होगा। ये टिकट साधु वासवानी मिशन मुख्यालय और स्थानीय डाकघरों में खरीद के लिए उपलब्ध होंगे। संतनगर की सामाजिक संस्था जीव सेवा संस्थान ने कहा कि दादा जे. पी. वासवानी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## विज्ञान मेले में चंद्रयान मिशन के तीन वैज्ञानिक सम्मानित होंगे

### आयोजन 15 से 18 सितंबर तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अंतरिक्ष में भारत की चंद्रयान-3 सफलता के जश्न के साथ मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में 10वां भोपाल विज्ञान मेला बीएचईएल दशहरा मैदान में 15 से 18 सितंबर तक आयोजित होगा।

इस मौके पर चंद्रयान-3 मिशन से जुड़े डायरेक्टर सहित देश की तीन हस्तियों को विज्ञान मेले सम्मानित किया जाएगा। मप्र के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा है कि भोपाल विज्ञान मेला पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है, जिसमें ग्रास रूट के साथ ही प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक विज्ञान एवं तकनीक की प्रगति और नवाचारों से लोगों को अवगत कराया जाता है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, शोध संस्थानों, उद्योगों एवं शैक्षणिक संस्थानों की इसमें सहभागिता होती है। इस वर्ष विज्ञान मेले में नवीनतम तकनीकों, छात्र-वैज्ञानिक संवाद, माडल कांटेस्ट के साथ ही ग्रास रूट एवं इनोवेटिव कारीगर पेवेलियन वेस्ट मैनेजमेंट पेवेलियन, हैंडीक्राफट पेवेलियन, स्टार्टअप पेवेलियन इत्यादि के माध्यम से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति से अवगत कराया जाएगा। देश के शीर्ष वैज्ञानिक चंद्रयान-3 के मिशन डायरेक्टर डा. पी. वीरामुथुवेल, इसरो बेंगलुरु, वंदे भारत के चीफ आर्किटेक्ट सुधांशु मनी के साथ ही एम्स दिल्ली की डा. रमा जयासुंदर को भी विज्ञान प्रतिभा सम्मान दिया जाएगा। 17 और 18 सितम्बर को चंद्रयान-3 महोत्सव का आयोजन होगा।

### 84 वें जन्म दिन पर पुष्प अर्पण कार्यक्रम

## नानकरामजी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय : सबनानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में भाजपा के वरिष्ठ नेता नानकराम वाधवानी के 84वें जन्म दिन पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपाइयों, समाजसेवियों एवं विशिष्ठजनों ने पुष्प अर्पित कर वाधवानी की संतनगर के विकास में किए योगदान को याद गया।

पुष्पांजलि कार्यक्रम बोरवन पार्क स्थित नानकराम वाधवानी के प्रतिमा स्थल पर हुआ। मध्यप्रदेश भाजपा के महामंत्री भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी एवं वाधवानी परिवार के सदस्यों ने पुष्प अर्पित किए। सबनानी ने कहा कि भाजपा की विचाराधार के संतनगर में ध्वज वाहक थे वाधवानीजी। सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की थी। मीसाबंदी रहते हुए जेल में रहे। समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किए। कार्यकर्ताओं के लिए उनका जीवन अनुकरणीय है। महापौर राय ने नानक राम वाधवानी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल वीधानी, भाजपा नेता महेश खटवानी, महिला सिंधी पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी, दिनेश वाधवानी व अन्य लोग मौजूद रहे और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



## प्राकृतिक चिकित्सा से स्थाई स्वास्थ्य लाभ संभव :टेवानी



### रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर में अनुभव सत्र का आयोजन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में चल रहे रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में अनुभव सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञों एवं शिविरार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. गुलाब राय टेवानी ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। राय ने बताया कि शिविर में विभिन्न राज्यों से अपनी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों को लेकर साधकगण आए थे। विभिन्न बीमारियों जैसे- डिप्रेशन, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइट्सि, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन, हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर का इलाज किया गया।

अनुभव सत्र में शिविरार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें दस दिनों में ही बी.पी., डायबीटिज, घुटनों के दर्द, हाथां पैरों के दर्द, अर्थराइटिस, साइनस, सरवाइकल स्पोंडिलाइटिस में काफी आराम हुआ। आगामी कैम्प 12 से 21 सितम्बर 2023 तक आयोजित होगा।

## लाइफ लाइन में अटेंटिव पैरेंट्स का हुआ सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लाइफ लाइन स्कूल में अभिभावकों का सम्मान किया गया। प्राचार्य किरण वाधवानी ने अभिभावकों को स्कूल भेजते समय ध्यान देने वाली बातों को रखा। वाधवानी ने कहा कि बच्चे को स्कूल के टिपिन में फास्ट फूड न देकर सब्जी रोटी दें। यूनीफार्म का पूरा ख्याल रखें। स्कूल की हर गतिविधि की जानकारी लें। स्कूल के तय मापदंडों को पूरा करने वाले पैरेंट्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य नैना वाधवानी, गीता मोहनानी, माधुरी छाया व अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

**मेट्रो एंकर**

### नवनिध में शिक्षक सम्मान समारोह

# अहम भूमिका होती है विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक की

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए विद्यार्थियों में सुसंस्कारों का बीजारोपण कर उनका उज्जवल भविष्य बनाएं।

कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई, संत हिरदारामजी और सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, संस्था के सचिव ए. सी. साधवानी ने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा छात्राएं जीवन में आत्मनिर्भर बन सकती हैं। संस्था के सहसचिव के.एल. रामनानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने कहा कि किसी भी छात्र के जीवन में शिक्षकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक कभी कठोर बनकर तो कभी प्यार से आपके जीवन को आकार देते हैं। प्राचार्या प्राचार्या अमृता मोटवानी ने विचार व्यक्त किए। विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य तथा छात्रों के जीवन में शिक्षकों के महत्व पर आधारित मनभावन कठपुतली नृत्य-नाटिका प्रस्तुत किया। साथ ही अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया।



**नेशनल लोक अदालत : सभी मामलों में अवार्ड राशि 77 करोड़ 14 लाख 44 हजार 284 रूपए पारित की गई**

# अदालत में पति-पत्नी भूले विवाद, भाईयों ने खत्म की अदावत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत की 61 खडपीठों में 14228 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इन प्रकरणों में 19738 लंबित रेफर्ड प्रकरणों में से 2583 एवं 67685 प्री-लिटिगेशन रेफर्ड प्रकरणों में से 11645 का निराकरण हुआ। इसमें चेक बाउंस के 827, मोटर दुर्घटना के 533, आपराधिक राजीनामा योग्य 631, पारिवारिक 140, बैंक रिकवरी के 252, व्यवहार वाद के 81, विद्युत अधिनियम के 1317, श्रम विभाग से संबंधित 9, यातायात नियमों के उल्लुघन के 1496, जलकर एवं सम्मपति कर के 8777 एवं 165 अन्य प्रकरणों का निराकरण किया गया।**

चेक बाउंस एवं मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित एक दिन में कुल 1360 प्रकरण निराकृत हुए, जिनका निराकरण नियमित न्यायालय में एक वर्ष से अधिक अवधि में भी होना संभव नहीं है। सभी मामलों को मिलाकर नेशनल लोक अदालत में कुल अवार्ड राशि 77 करो? 14 लाख 44 हजार 284 रूपए पारित की गई।



### जज की समझाइश के बाद दंपति ने पहनाई एक दूसरे को माला-

एक मामले में दंपति की शादी करीब 6 साल पहले हुई थी, लेकिन शादी के दो साल बाद ही दोनो झग?ा होने लगा। जिसके बाद दोनो अलग रह रहे थे। पति सरकारी नौकरी में है और पत्नि ग्रहणी है। नेशनल लोक अदालत में अपर सत्र न्यायाधीश अजय नील करोठिया की समझाईश पर दोनो पति-पत्नि एक साथ रहने के लिए तैयार हो गये और हंसी खुशी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के समक्ष दोनो पति पत्नि ने एक दूसरे को माला पहनाकर, मिठाई खिलाई । जिसके बाद दंपति को पौधा देकर आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई । इसी प्रकार अन्य मामले में भी एक दंपति का राजीनामा हुआ और दोनो एक दूसरे को माला पहनाकर आगे के जीवन निर्वाहन के लिए खुशी - खुशी एक साथ रहने अपने घर गये ।

### भाईयों ने आपसी विवाद भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया

एक मामले में वादी सुरिंदर पाल सिंह सूरी द्वारा अपने दो भाइयों जसपाल सिंह सूरी और हरविंदर पाल सिंह सूरी के विरुद्ध 75 करो? के पैतृक संपत्ति के बंटवारे घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए मामला प्रस्तुत किया गया था, जिसमें वादी द्वारा अपने 1-3 अंश भाग, लगभग 25 करो? रुपये की संपत्ति के लिए न्यायालय से सहायता चाहिए गई थी। न्यायालय में आपसी राजीनामा के आधार पर मामले का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया गया। जिसमें प्रतिवादी पक्ष द्वारा 1-3 भाग का हिस्सा (लगभग 25 करो? रूपये) वादी को दिया जाना और वादी द्वारा 11,22,000 रूपये प्रतिवादी हरविंदर पाल सिंह को दिया जाना आपसी सहमति से तय हुआ और सभी आपसी विवाद को भुलाकर न्यायालय में एक दूसरे को गले लगाया।

## उपभोक्ता लोक अदालत में 755 मामलों का हुआ निराकरण



**8 करोड़ रूपए से अधिक की राशि वितरित की गई**

**भोपाल।** मप्र राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग और प्रदेश के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति शांतनु एस. केमकर के मार्गदर्शन में नेशनल उपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन हुआ। राज्य उपभोक्ता आयोग एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता फोरमों में विचाराधीन बैंकिंग, बीमा, विद्युत, चिकित्सा, टेलीफोन, कृषि, ऑटोमोबाइल्स, हाउसिंग, एयरलाइंस, रेल्वे आदि के 38 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें 90 लाख 80 हजार 574 की राशि वितरित की गई। इसी प्रकार प्रदेश के सभी जिला आयोगों में 717 प्रकरणों का निराकरण समझौते के माध्यम से किया गया और 7 करो? 14 लाख 91 रूपये की राशि वितरित की गयी।

## ढाई महीने से लापता नाबालिग आगरा से बरामद



भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके से ढाई महीने पहले लापता हुई एक किशोरी को पुलिस ने आगरा उत्तर प्रदेश से बरामद किया है। इस मामले में किशोरी का अपहरण करने वाले आरोपी युवक को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी जून महीने में घर से बगैर बताए लापता हो गई थी। परिजनों की सूचना पर किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस टीम को पता चला कि किशोरी के गायब होने के साथ ही मंगल वंशकार (21) निवासी गरीब नगर छोला मंदिर भी अपने घर से गायब है। सायबर एक्सपर्ट की मदद से मंगल की लोकेशन निकाली गई तो वह आगरा उत्तर प्रदेश की मिली। संदेह के आधार पर पुलिस की एक टीम मंगल की तलाश में आगरा भेजी गई तो वह मिल गया। उसके साथ लापता किशोरी भी मिली, जिसे बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। अपहृत किशोरी के बयानों के बाद आरोपी के खिलाफ धाराएं बढ़ाई जा रही हैं।

## युवक की जेब से नगदी और मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार

**भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में पैदल जा रहे एक युवक की जेब से मोबाइल फोन और तीन हजार रुपए नकद चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।



पुलिस के मुताबिक अर्चना अपार्टमेंट अरेरा कालोनी हबीबगंज निवासी सोनू कुमार (23) औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा स्थित एक कंपनी में काम करता है। बीती 26 जुलाई की रात करीब सा? आठ बजे वह कंपनी का काम खत्म करके घर जाने के लिए पैदल गोविंदपुरा गेट की तरफ जा रहा था। जब वह टेसला फैक्ट्री के सामने पहुंचा, तभी उसके पीछे चल रहे दो युवकों ने पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन और पर्स चोरी कर लिया। पर्स में तीन हजार रुपये रखे हुए थे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेही साहिल खान (21) निवासी एहसान नगर और अरबाज खान (21) निवासी अमन कालोनी निशातपुरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने मोबाइल और पर्स चोरी करना स्वीकार कर लिया।

## भेल के ठेका श्रमिक की 7 दिन पुरानी लाश मिली

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित डी-सेक्टर में शनिवार शाम भेल के ठेका श्रमिक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश करीब एक सप्ताह पुरानी होने के कारण बुरी तरह से स? चुकी थी। बदबू आने व दरवाजे पर मक्खियां भिनकती देख प?ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्वार्टर से लाश बरामद कर अस्पताल भेज दी थी। पुलिस का कहना है कि मृतक शराब पीने का आदी था। अनुमान लगाया जा रहा है कि अधिक शराब पीने से मौत हुई होगी। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस के मुताबिक एन 1090 डी-सेक्टर पिपलानी निवासी दिनेश सेंगर (55) भेल के ठेका श्रमिक थे। वह यहां अकेले रहते थे जबकि परिजन सेमरा इलाके में रहते हैं। दिनेश की शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने बताया कि लाश की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उसके ऊपर कोई निशान आदि भी दिखाई नहीं दे रहा है। दरवाजा भीतर से बंद था इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि अधिक शराब या बीमारी के कारण मौत हुई है।

**एक सप्ताह से बंद था दरवाजा, बदबू की शिकायत पर पहुंची थी पुलिस**

### अनियमित कर्मचारियों ने दिखाए तेवर




भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के बिना तले प्रदेशभर से आए बड़ी संख्या में अनियमित कर्मचारियों ने भोपाल की अंबेडकर मैदान पर प्रांत व्यापारी धरना दिया तथा विशाल महारैली निकाली । यह रैली सेकंड स्टॉप जैन मंदिर माता मंदिर अटल पथ मेट्रो रोड तक गई जहां पर पुलिस प्रशासन एसीपी ट नगर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## शराब तस्करों से 70 हजार की शराब जब्त, हबीबगंज पुलिस की कारवाई

भोपाल, दोपहर मेट्रो

हबीबगंज पुलिस ने चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 70 हजार रुपए कीमत की अवैध शराब और परिवहन में उपयोग किए गए दो दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शहर में चैकिंग ब?ाते हुए शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच सूचना मिली कि मनीषा मार्केट से राजीव गांधी चौराहे की तरफ बाइक पर जा रहे दो युवकों के पास अवैध शराब है। सूचना पर पुलिस ने रास्ते में दोनों युवकों को रोका तो उन्होंने अपने नाम जितेंद्र गिरी गोस्वामी और राहुल धुर्वे बताए। बाइक पर रखी बोरी चैक करने पर देशी मदिरा मसाला के क्वार्टर रखे मिले, जिन्हें



फाइल फोटो

जब्त किया गया। इसी प्रकार पर्यावरण परिसर के पास स्कूटर सवार दो युवकों को रोका गया। पूछताछ पर उन्होंने अपने नाम जलील उर्फ जुबेर खान से सा? तीन सौ क्वार्टर शराब जब्त हुई। एक अन्य मामले में पुलिस ने पीसी नगर गड्ढा के पास नमन जाटव के पास से पचास क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। जब्त हुई और शराब और दोपहिया वाहनों समेत कुल ढाई लाख का माल जब्त किया गया है।

### शराब तस्कर से 34 हजार की शराब जब्त

भोपाल। कोहेफिजा पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 32 हजार रुपए कीमत की अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि पीले कलर की स्कूटर पर सवार एक युवक दो बोरियों में भरकर अवैध शराब लेकर जा रहा था। सूचना के बाद पुलिस ने सेफिया कालेज ग्राउंड के पास संदेही को घेराबंदी कर पक?ा। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम धर्मेंद्र मालवीय उर्फ जावेद (23) निवासी नई बस्ती भैंसाखे?ी, जमुना आटा चक्की के पास थाना बैराग? बताया। पुलिस ने स्कूटर पर रखी बोरियों को खोलकर देखा तो उसके अंदर गोवा कंपनी के अंग्रेजी शराब के क्वार्टर रखे मिले, जिन्हें पुलिस ने स्कूटर समेत जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना बैराग?, शाहजहांनाबाद, खजूरी स?क आदि में पहले से मारपीट, अवैध शराब और महिला संबंधी गंभीर अपराध दर्ज हैं।

## महिला की सोशल मीडिया आईडी का दुरुपयोग




**भोपाल।** अयोध्या नगर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। महिला की सोशल मीडिया आईडी का आरोपी दुरुपयोग कर रहा था। पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली चालीस वर्षीय महिला ने इस मामले की शिकायत सायबर क्राइम ब्रांच में की थी। जांच प्रतिवेदन आने के बाद अयोध्या नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पी?िता ने पुलिस को बताया कि करीब दस साल पहले उसकी शादी नोएडा में रहने वाले एक युवक से हुई थी। उस वक्त पति ने उसे एक मोबाइल सिम दी थी, जिस पर उसने अपना सोशल मीडिया एकाउंट बनाया था। बाद में पति से अनबन होने के बाद महिला अपने मायके आकर रहने लगी तो पति ने उसकी सिम बंद करवा दी थी। उसके बाद दोबारा से किसी ने उसी नंबर की सिम जारी करवा ली और महिला के परिचित को मैसेज करने लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मिक्सर और बैटरी चोरी, शातिर चोर गिरफ्तार



भोपाल, दोपहर मेट्रो

अशोका गार्डन पुलिस ने मिक्सर मशीन की बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की बैटरी कीमत दस हजार रुपये बरामद की गई है। उससे पूछताछ कर चोरी और नकबजनी की अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक सूरज कुमार जायसवाल (31) जैन मंदिर के पास सूरज नगर नीलब? में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 7 सितंबर की रात काम खत्म करने के बाद उन्होंने अपनी कंपनी की मिक्सर मशीन एकतापुरी ग्राउंड पर ख?ी की और घर चले गए। अगले दिन सुबह पहुंचे तो पता चला कि मशीन में लगी बैटरी गायब है। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम को पता चला कि कोलुआ तिराहे के पास एक युवक बैटरी बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम निशांत ठाकरे उर्फ निशू (18) निवासी माता मंदिर के पीछे कैलाश नगर सेमरा अशोका गार्डन बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बैटरी बरामद कर ली है।

**मेट्रो एंकर** **सेमराकलां के पटेल मार्केट की घटना**

# कार ने मारी बाइक सवार को टक्कर व जमकर की पिटाई

भोपाल, दोपहर मेट्रो

छोला मंदिर इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को पहले टक्कर मारी और फिर कार में सवार चार लड़कों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ एक्सीडेंट और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार का पता लगाया जा रहा है।



पुलिस के मुताबिक विनेश तिवारी (42) पुरुषोत्तम नगर सेमराकला में रहते हैं। बीती 6 सितंबर की रात करीब 9 बजे वह रासलाखेड़ा से मोटर सायकिल पर सवार होकर अपने घर सेमराकला लौट रहे थे। विनेश जैसे ही पटेल मार्केट के पास पहुंचे, वैसे ही भानपुर ब्रिज की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार आई-20 कार ने सामने से उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उसके बाद टक्कर मारने वाली कार से चार लड़के उतरे और गाली-गलौज करते हुए विनेश के साथ मारपीट करने लगे। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे, इसी बीच चारों लड़के कार में बैठकर भाग निकले। उसके विनेश बाइक लेकर रासलाखेड़ी में रहने वाली बहन के घर पहुंचे और घटना की जानकारी दी। उनके हाथ-पैर और शरीर में गंभीर चोट होने के कारण बहनोई इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने फ्रैक्चर बताते हुए विनेश को भर्ती कर लिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची छोला मंदिर पुलिस ने बयान लेने के बाद अज्ञात कार और उसमें सवार चार लड़कों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ
व्हाट्सएप नं. 7869267010
कॉलिंग नंबर 7415497010
shrutirawat16@gmail.com




परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022




# प्रवाह
रविवारीय

दोपहर मेट्रो भोपाल, रविवार, 10 सितंबर 2023 www.dopaharmetro.com



# इमरोज तुम मेरी जिंदगी की शाम में क्यों मिले, दोपहर में क्यों नहीं

अमृता प्रीतम पंजाबी के सबसे लोकप्रिय लेखकों में से एक थी। पंजाब के गुजराँवाला जिले में पैदा हुई अमृता को पंजाबी भाषा की पहली कवयित्री माना जाता है। उन्होंने कुल मिलाकर लगभग 100 पुस्तकें लिखी हैं जिनमें उनकी चर्चित आत्मकथा रसीदी टिकट भी शामिल है। हाल में उन्हें 105वीं जयंती पर याद किया गया। वे 31 अगस्त 1919 को पाकिस्तान के गुजरांवाला में पैदा हुई थी और दिल्ली में 31 अक्टूबर 2005 को उन्होंने अंतिम सांस ली। अमृता प्रीतम ने अपनी आत्मकथा रसीदी टिकट में साहिर लुधियानवी के अलावा अपने और इमरोज के बीच के आत्मिक रिश्तों को भी बेहतरीन ढंग से क़लमबंद किया। इस किताब में अमृता ने अपनी जिंदगी कई परतों को खोलने की कोशिश की है।

रसीदी टिकट में अमृता खुद से जुड़े हुए कई ब्योरे यहां खुलकर बताती हैं। इमरोज, अमृता की जिंदगी में आए तीसरे पुरुष थे। हालांकि वह पूरे जीवन साहिर से प्यार करती रहीं। अमृता कई बार इमरोज से कहतीं- अजनबी तुम मुझे जिंदगी की शाम में क्यों मिले, मिलना था तो दोपहर में मिलते। अमृता इमरोज़ से अक्सर इस तरह के सवाल पूछती थीं, क्योंकि इमरोज़ अमृता की ज़िदगी में बहुत देर से आये थे। मगर वो दोनों एक ही घर में एक ही छत के नीचे दो अलग-अलग कमरे में रहते थे।

मैं रात को शांति में लिखती थीं, तब धीरे से इमरोज चाय रख जाते थे...

अमृता के संग रहने के लिए इमरोज़ ने उनसे कहा था इस पर अमृता ने इमरोज से कहा कि पूरी दुनिया घूमकर आओ फिर भी तुम्हें लगे कि साथ रहना है तो मैं यहीं तुम्हारा इंतज़ार करती मिलूंगी। उस समय इमरोज ने अपने कमरे के साथ चक्कर लगाने के बाद उन्होंने अमृता से कहा कि घूम लिया दुनिया, मुझे अभी भी तुम्हारे ही साथ रहना है। अमृता ने इमरोज़ का जिक्र करते हुए कहा कि जब मैं रात को शांति में लिखती थीं, तब धीरे से इमरोज चाय रख जाते थे। ये सिलसिला सालों साल चला। इमरोज जब भी अमृता को स्कूटर पर ले जाते तो अमृता अक्सर उंगलियों से हमेशा उनकी पीठ पर कुछ लिखती रहती थीं। इमरोज भी इस बात से अच्छे से वाकिफ थे कि उनकी पीठ पर वो जो शब्द लिख रहीं हैं वो साहिर हैं।



**मेरा इश्क यह किस मुकाम पर आ गया है...**

अमृता को जब राज्यसभा का मनोनीत सदस्य बनाया गया तो इमरोज उनके साथ संसद भवन जाते और घंटों बाहर बैठ कर अमृता के लौटने का इंतजार करते। अक्सर वहीं पर मौजूद लोग इमरोज को ड्राइवर मान लेते। इमरोज ने भी अमृता के लिए अपने करियर के साथ समझौता किया। उन्हें बहुत जगह अच्छी नौकरी के अवसर मिले मगर अमृता की ख़ातिर उन्होंने ये अवसर ठुकरा दिये।

वहीं इमरोज ने लेख 'मुझे फिर मिलेगी अमृता' में लिखा था- कोई भी रिश्ता बांधने से नहीं बंधता। किसी बात को लेकर हम कभी एक-दूसरे से नाराज तक नहीं हुए। इसके पीछे एक ही वजह रही कि वह भी अपने आप में हर तरह से आजाद रहीं और मैं भी हर स्तर पर आजाद रहा। चूंकि हम दोनों कभी पति-पत्नी की तरह नहीं रहे, बल्कि दोस्त की तरह रहे। हमारे बीच कभी यह लफ्ज भी नहीं आया कि आई लव यू। जब 2005 में अमृता ने दुनिया छोड़ी तो इमरोज ने लिखा-'उसने जिस्म छोड़ा है, साथ नहीं। वो अब भी मिलती है, कभी तारों की छांव में, कभी बादलों की छांव में, कभी किरणों की रोशनी में कभी ख्यालों के उजाले में, हम उसी तरह मिलकर चलते हैं चुपचाप, हमें चलते हुए देखकर फूल हमें बुला लेते हैं, हम फूलों के घेरे में बैठकर एक-दूसरे को अपना-अपना कलाम सुनाते हैं उसने जिस्म छोड़ा है साथ नहीं'।

**-अमृता प्रीतम की एक गज़लें**

**कलम ने आज गीतों का काफिया तोड़ दिया, मेरा इश्क यह किस मुकाम पर आ गया है।**

देख नज़र वाले, तेरे सामने बैठी हूं,
मेरे हाथ से हिज्र का कांटा निकाल दे।

**जिसने अंधेरे के अलावा कभी कुछ नहीं बुना, वह मुहब्बत आज किरणें बुनकर दे गयी।**

उठो, अपने घड़े से पानी का एक कटोरा दो
राह के हादसे मैं इस पानी से धो लूंगी...

# चंद्रयान की कामयाबी से चमकता विज्ञान और 'नतमस्तक' समाज!

■ पंकज श्रीवास्तव

भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता ऐतिहासिक है। चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर छाप छोड़ने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। इसी जगह लैंडिंग की कोशिश में रूस के लूना-25 के क्रैश होने के कुछ ही दिन बाद हासिल हुई इस सफलता ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की क्षमता को नये सिरे से स्थापित किया है। इसने साबित किया है कि ज्ञान-विज्ञान की क्षमताओं से लैस मनुष्य की संभावनाओं के सामने आकाश का विस्तार भी छोटा पड़ सकता है।

लेकिन भारत को यह क़ामयाबी एक ऐसे समय मिली है जब 'तर्क' और 'वैज्ञानिक चेतना' सर्वाधिक निशाने पर है। राजनीतिक स्तर पर एक 'नतमस्तक समाज' बनाने की कोशिशें की जा रही है जहाँ सवाल पूछना गुनाह है जबकि विज्ञान का पहला क़दम ही 'क्यों' यानी सवाल पूछने से शुरू होता है। आजकल सवाल पूछने वाले 'देश-विरोधी' या 'विकास-विरोधी' बताकर जेलों मे डाले जा रहे हैं। धर्म और परंपरा के नाम पर अंधविश्वासों को नये सिरे से प्रतिष्ठित करने का संगठित अभियान चलाया जा रहा है। तर्क करने से भावनाएँ आहत हो रही हैं और तर्कशील लोगों के ख़िलाफ मुक़दमे दर्ज हो रहे हैं। नरेंद्र दाभोलकर, गोविंद पानसरे और कलबुर्गी जैसे विद्वानों की हत्या की ख़बर अब तक ताज़ा है। खुद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विज्ञानियों की सभा में गणेशजी के सिर पर हाथी का मस्तक लगाने की पौराणिक कथा को प्राचीन भारत में सर्जरी का प्रमाण बताते हैं या फिर नाले से निकली गैस पर चाय बनाने की सलाह देते हैं।इसलिए चंद्रयान-3 की सफलता उस भारत की सफलता है जिसने ज्ञान और विज्ञान का झंडा बुलंद करते हुए एक सफ़र शुरू किया था। जिसने माना था कि सवाल पूछने से ज्ञान के बंद कपाट खुलते हैं और तरक्की की राह मिलती है। जिसने माना था कि 'सितारों के आगे जहाँ और भी हैं' सिर्फ़ शायरी का मसला नहीं, हक़ीक़त की चुनौती है। जिसने संविधान की धारा 51-ए (एच) में बाक़ायदा लिख दिया था कि 'वैज्ञानिक प्रवृत्ति, मानवता और सवाल व सुधार की भावना का विकास करना हर नागरिक का दायित्व है।'



चंद्रयान-3 की लैंडिंग दिखाने के लिए तमाम टीवी चैनलों ने जिस तरह से तमाशे किये, ऐंकरों ने जिस तरह चीख़ चिल्लाहट मचायी, उसने विज्ञान की इस अहम घटना को ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच से जुड़े जीत-हार के उन्माद में बदल दिया। जबकि अगर यह मिशन असफल भी हो जाता तो कोई हार नहीं होती। विज्ञान हर असफलता की बारीक़ समीक्षा करके नयी राह खोजने का नाम है। चार साल पहले चंद्रयान-2 की असफलता में वो सबक़ छिपे थे जिसने चंद्रयान-3 को क़ामयाब बनाया। विज्ञान में कोई भी सत्य अंतिम नहीं होता। बल्कि हर स्थापित सत्य को चुनौती देना विज्ञान की निश्चित अदा है। असल विज्ञानी वो है जो अपने ही वैज्ञानिक सिद्धांत में कमी खोजने और उसमें कुछ नया जोड़ने में जीवन होम कर देता है।



इसके बरक्स उन दिनों को याद कीजिए जब सूर्यग्रहण का अर्थ समझाने के लिए प्रो.यशपाल जैसे विज्ञानी दूरदर्शन पर बैठा करते थे। उनकी ठहरी हुई कमेंट्री और वैज्ञानिक गुत्थियों को सुलझाने का अंदाज साहित्य के विद्यार्थी मे भी विज्ञान के प्रति रुचि जगा देता था। दूरदर्शन पर विज्ञान से जुड़े कार्यक्रम आते थे और समाचार चैनल भी अंधविश्वास को बढ़ाते नहीं थे, उसकी पोल खोलने को फ़र्ज़ समझते थे। या फिर स्कूलों और कॉलेजों में अनिवार्य रूप से साइंस क्लब होते थे। 'जन विज्ञान जत्थों' के युवाओं की टोली दूर-दराज के इलाकों में घूम-घूम कर जादू-टोनों के रहस्यों से पर्दा हटाकर समाज को जागृत करती थी। ऐसे अभियान सरकारी स्तर पर एक मुहिम की तरह चलाये जाते थे। मौजूदा हालात में उन अभियानों का क्या हुआ, कोई नहीं जानता।

दरअसल, भारत के चंद्रमिशन की क़ामयाबी स्वतंत्रता आंदोलन के संकल्पों से जुड़ी है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1939 में 'नेशनल प्लानिंग कमेटी' बनाकर तमाम विज्ञानियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। शांतिस्वरूप भटनागर और मेघनाद साहा से विश्वयुद्ध के बाद भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान को लेकर गहन चर्चा हुई। इससे पहले 26 दिसंबर 1937 को भारतीय विज्ञान कांग्रेस के पहले ग़ैर-वैज्ञानिक अध्यक्ष के रूप में पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था- 'केवल विज्ञान ही है जो भूख और ग़रीबी, अस्वच्छता और निरक्षरता, अंधविश्वास और घातक रीति-रिवाज और परंपरा, बर्बाद हो रहे विशाल संसाधनों, भूखे लोगों से भरे समृद्ध देश की समस्यओं का समाधान कर सकते हैं।'

यह सोच कर भी रोमांच होता है कि आज़ादी और बँटवारे से लगभग ध्वस्त नज़र आ रहे भारत को खड़ा करने की तमाम कोशिशों के बीच नेहरू लगातार विज्ञान प्रगति पर आँख लगाये रहे जबकि संसाधनों का काफ़ी टोटा था। उनके साथ होमी भाभा, मेघनाथ साहा, शांतिस्वरूप भटनागर, विक्रम साराभाई जैसे सिद्ध विज्ञानियों की एक मज़बूत टीम थी जिनके सहयोग से आज़ादी के महज़ दस साल के अंदर भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान की दस प्रयोगशालाओं की स्थापना हो सकी। आज कम खर्च में उपग्रह प्रक्षेपण में महारत के लिए अलग पहचान रखने वाला इसरो भी उसी वैज्ञानिक चिंतन को प्राथमिकता देने का नतीजा है। 1962 में विक्रम साराभाई ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (INCOSPAR) की स्थापना करके भारत के अंतरिक्ष सफ़र को दिशा दी। इंदिरा गाँधी के प्रधानमंत्रित्व काल में 15 अगस्त 1969 को इसे ही इसरो के रूप में पुनर्संयोजित किया गया। सोशल मीडिया पर तैर रहीं साइकिल के करियर और बैलगाड़ी पर उपग्रह ढोने की तस्वीरें बताती हैं कि इस सफ़र ने फ़र्श से अर्श का सफ़र कैसे पूरा किया है।चंद्रयान-3 की सफलता सिर्फ़ भारत नहीं, पूरी मानव जाति की उपलब्धि है। चाँद के दक्षिण ध्रुव से सिर्फ़ भारत नहीं धरती चमकती दिखती है। लेकिन मानवजाति ने अंतरिक्ष की ओर जो छ्लाँग लगायी है उसमें चाँद सिर्फ़ एक पड़ाव भर है। सिर्फ़ दस हज़ार साल पहले खेती के आविष्कार के साथ शुरु हुआ सफ़र मनुष्य को कहाँ से कहाँ ले आया है। चाँद को लेकर गढ़ी गयी तमाम रूमानी कहानियाँ उसके यथार्थ के सामने बेमानी हो गयी हैं। तमाम पौराणिक मिथक और क़िस्से हास्यास्पद हो गये हैं। अज्ञान से ज्ञान की ओर इस यात्रा के मूल में है 'क्यों' जो 'आदेशपालक' और 'नतमस्तक' समाज बनने के ख़तरे के बीच एक उम्मीद की तरह चमका है। क्या हम इस रोशनी में नहाने के लिए तैयार हैं? यह आज का सबसे बड़ा सवाल है!

***- यह लेखक के अपने विचार हैं।***

# अनुभव की कसौटी पर सत्य की परख

■ योगेंद्र नाथ शर्मा 'अरुण'

बचपन में मां ने अकबर और बीरबल की कहानी सुनाते हुए बताया था कि सच और झूठ में 'चार अंगुल' का अंतर होता है। इसका मतलब यह था कि आंख और कान के बीच चार अंगुली का अंतर होता है यानी जो देखा जाए, वही सच होता है और जो सुना जाए, वह झूठ भी हो सकता है।आज तो समाज में यही देखने को मिल रहा है कि कोई कुछ भी कह दे, तो हम बिना जांचे-परखे ही उस पर विश्वास कर लेते हैं और हमारे संबंधों में गहरी दरार आ जाती है। यहां तक देखा गया है कि पक्के मित्रों और रिश्तेदारों में किसी से सुनी हुई बात को लेकर ऐसी शत्रुता हो जाती है कि जीवन भर के लिए रिश्ते बिग? जाते हैं।

किसी शायर ने खूब जोरदार बात कही हैः-

'फासले बढ़े तो गलतफहमियां और बढ़ गईं, फिर उसने वह भी सुना,
जो मैंने कभी कहा ही नहीं।'

सच भी यही है कि संबंधों में जब भी 'अहंकार' या 'गलतफहमियां' आ जाती हैं, तब बड़ी से बड़ी दोस्ती और भाईचारा पल भर में खत्म हो जाते हैं।तब इस मनोवैज्ञानिक बीमारी से बचने का उपाय आखिर क्या है? आज जब इस बात पर विचार कर रहा था, तब एक प्रेरक कथा मुझे पढ़ने को मिली, जिसने मेरे अंतर्मन में जैसे सच्चाई का दीपक ही जला दिया है। कथा को पढ़िए :- 'एक जौहरी के निधन के बाद उसका परिवार बड़े आर्थिक संकट में पड़ गया। उन्हें खाने के भी लाले पड़ गए। एक दिन उसकी पत्नी ने अपने बेटे को नीलम का एक हार देकर कहा, 'बेटा, इसे अपने चाचा की दुकान पर ले जाओ। कहना इसे बेचकर कुछ रुपये दे दें।' बेटा वह हार लेकर चाचा जी के पास गया। उसके चाचा ने नीलम के हार को अच्छी तरह से देख-परखकर कहा, 'बेटा, जाकर अपनी मां से कहना कि अभी बाजार बहुत मंदा है। इसे थोड़ा रुककर बेचना, तब अच्छे दाम मिलेंगे।' साथ ही चाचा ने उसे थोड़े से रुपये देकर कहा कि तुम कल से दुकान पर आकर बैठना। अगले दिन से वह लड़का रोज दुकान पर जाने लगा और वहां हीरों तथा रत्नों की परख का काम सीखने लगा। कुछ ही दिनों में जौहरी का बेटा रत्नों का बड़ा पारखी बन गया। लोग दूर-दूर से अपने हीरों और रत्नों की परख उसी से कराने के लिए आने लगे। एक दिन उसके चाचा ने कहा, 'बेटा, अपनी मां से वह नीलम का हार लेकर आना और कहना कि अब बाजार बहुत तेज है, हमें उसके अच्छे दाम मिल जाएंगे।' चाचा की बात सुनकर बेटा घर गया और मां से वही हार लेकर जब उसने खुद परखा तो पाया कि वह नीलम का हार तो नकली है। इस पर वह उसे घर पर ही छोड़ कर दुकान लौट आया। जब उसके चाचा ने पूछा, 'बेटा, वो हार नहीं लाए?' तो बेटे ने कहा, 'चाचाजी, वह हार तो नकली था।' तब उसके चाचा ने कहा, 'जब तुम पहली बार वह हार लेकर आये थे, तब अगर मैं उसे नकली बता देता, तो तुम मन में यही सोचते कि आज हम पर बुरा वक्त आया है, तो चाचाजी हमारी चीज़ को भी नकली बता रहे हैं। आज जब तुम्हें खुद ज्ञान हो गया, तो हार की परख कर के पता चल गया कि वह हार सचमुच नकली ही है।'



जीवन का बहुत बड़ा सच यही तो है कि सही ज्ञान के बिना हम इस संसार में जो भी सोचते, देखते और जानते हैं, वह सब गलत होता है; और ऐसे ही गलतफहमी का शिकार होकर हमारे रिश्ते बिगड़ जाते हैं। दुश्मनी पैदा हो जाती है, तला? हो जाते हैं। एक शायर ने बड़ी ही प्यारी बात कही है, जो हम सब को अवश्य ही याद रखनी चाहिए :-

'ज़रा-सी गलतफहमी पर,ना छोड़ो किसी का दामन,जिंदगी बीत जाती है यहां,किसी को अपना बनाने में।'

आखिर, जरा-जरा सी बात पर हम अपने संबंधों में जो खटास घोल लेते हैं, उससे हम स्वयं ही तो दुखी होते हैं और मनोवैज्ञानिक रूप से अवसाद के साथ ही दूसरी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। याद रहे, मित्रता और सामाजिक संबंध आपसी विश्वास और प्रेम की नींव पर खड़े होते हैं, वहां गलतफहमियों को अगर आने दिया जाए, तो संबंध स्थिर नहीं रह सकते। मित्रता तो सुदामा-श्रीकृष्ण की सी होती है। किसी ने क्या खूब कहा है :-

'हर खुशी से खूबसूरत तेरी शाम कर दूं। अपना प्यार और दोस्ती तेरे नाम कर दूं। मिल जाए अगर दोबारा ये जिन्दगी ऐ दोस्त, हर बार ये जिन्दगी तुझ पे कुर्बान कर दूं।'

हमें संकल्प लेना चाहिए कि अपने संबंधों को परस्पर प्रेम और विश्वास की पूंजी से पालेंगे और गलतफहमियों को कभी रिश्तों के बीच नहीं आने देंगे।

# 26 खंडपीठों ने आपसी सहमति करवाकर निपटाए 689 मामले

## नर्मदापुरम में तृतीय नेशनल लोक अदालत संपन्न



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा महोदय के मार्गदर्शन एवं सचिव गौतम भट्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायायालयों इटारसी पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालवा में किया गया। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा द्वारा मा सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। नेशनल लोक अदालत के उद्घाटन एवं शुभारभ कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष विजेन्द्र पाण्डेय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय प्रिर्यदर्शन शर्मा विशेष न्यायाधीश हितेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला न्यायाधीश जफर इकबाल, अभिनव कुमार जैन, श्रीमती आरती ए0 शुक्ला, सिराज अली, सचिव गौतम भट्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रम न्यायाधीश फरोज अख्तर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमति रितु वर्मा कटारिया, सिविल जज सीनियर डिवीजन शिवचरण पटेल, सिविल जज जूनियर डिवीजन, श्रीमती प्रियंका रतोनिया सिंह, सुश्री अनुभूति गुप्ता. श्रीमती रूचि पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी कुछ अंकिता शाडिल्य, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष के0के0 थापक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सतीश तिवारी, अनंत तिवारी, पंकज तिवारी, मंगली सिंह, पंखुरी बराडिया अधिवक्तागण, जिला अभियोजन कार्यालय के अधिकारीगण तथा जिला न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विद्युत विभाग एवं बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा पक्षकारगण उपस्थित रहे।

उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित कुल 689 प्रकरणों का निपटारा किया गया, साथ ही 570 विभिन्न विभागों से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरण निपटाये गये। इसी के साथ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में लगभग राशि रुपये 14,76,04,297 / के अवार्ड पारित किये गये तथा विभागीय प्रकरणों में लगभग राशि रूपये 44,51,465/- रूपये की वसूली हुई। इस नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा, चैक बाउस, शमनीय अपराध, वैवाहिक मामले, विद्युत चोरी से सबंधित मामलों के साथ-साथ सिविल तथा राजस्व मामले निपटारे के लिए रखे गये थे।

जिला न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम गौतम भट्ट ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में कुल 689 प्रकरणों का निराकरण किया गया लोक अदालत में पक्षकारों में व्याप्त मतभेद आपसी सुलह एवं समझाईश के माध्यम से समाप्त हो गया है। नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के धन एवं समय दोनों की बचत होती है तथा उन्हें न्यायिक प्रक्रिया से भी छुटकारा मिल जाता है।

### क्षेत्र से लगातार हो रही गोवंश की तस्करी, प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही

# तस्करी करते पिकअप पलटा, 4 गायों की मौत, तीन घायल

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

**क्षेत्र में लगातार गोवंश की तस्करी के आए दिन मामले अब चिंता का विषय बनते जा रहे है। ऐसा नहीं है गोवंश की तस्करी के वाहनों पर लगातार गौवंश रक्षको की नजर रहती है लेकिन उसके बावजूद भी प्रतिदिन आसपास के क्षेत्र से ही गौवंश की गाड़ियां भरा रही हैं ऐसे कौन लोग हैं जो गोवंश की तस्करी कर रहे हैं। जिन्हें पुलिस और प्रशासन को बेनकाब करना चाहिए। बगैर रात में मिली भगत से गोवंश की तस्करी होना असंभव है, यह लोग कौन हैं जो रात के अंधेरे में ऐसे काले कारनामों को अंजाम दे रहे हैं इन्हें भी बेगानकाब करने की आज अति आवश्यकता है।**





ऐसा ही एक मामला बीती रात का है एक पिकअप वाहन गो तस्करी करते हुए पलट गया इस बात की जानकारी स्थानीय लोगों के माध्यम से सिवनी मालवा थाने को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची थाना प्रभारी उषा मरावी ने जेसीबी की मदद से पलटे हुए पिकअप वाहन को सीधा करवाया जब तक उनमें से चार गायों ने दम तोड़ दिया और तीन गंभीर रूप से घायल हो गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि एमपी 34 जी 0 434 पिकअप वाहन जो दमोह पासिंग है उसको थाने लाया गया है मामले की जांच की जा रही है वहीं पुलिस ने इस पूरे मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। गोवंश के कानों पर लगी ट्रैक मार्ग से पता चला कि गाय पास के ही गांव सुरगी की बताई जा रही है।

**मालिकों पर हो चुकी है कारवाई** : सिवनी मालवा क्षेत्र में ऐसे कई जागरूक और एक्टिव प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं जिन्होंने समय पर गोवंशों के मालिकों पर कार्रवाई की है लेकिन वह दोर अलग था जो प्रशासनिक अधिकारी सिवनी मालवा में एक्टिव रहते थे जो रात में अपनी मोटरसाइकिल से हेलमेट लगाकर रेत चोरों को पकडते थे वही सड़कों पर बैठी आवारा मवेशियों के मालिकों पर 151 की कार्रवाई भी करते थे और उन्हें हफ्ते हफ्ते भर तक जेल की हवा खिलाने के बाद छोड़ा जाता था जिसे गोवंश के मालिकों में भी एक भय का वातावरण था लेकिन आज स्थानीय प्रशासन के अधिकारी अपने ऑफिस से मतलब रखते हैं बाकी उनका शहर की व्यवस्थाओं से कोई लेना-देना नहीं जिसका परिणाम आज सिवनी मालवा नगर की जनता को भोगना पड़ रहा है। नगर की जनता जिलाधीश पर अपनी टकटकी नजर लगाए बैठे हैं कि सिवनी मालवा में एक्टिव प्रशासनिक अधिकारी दें जिससे कि नगर की जनता नगर में फैल रही अव्यवस्थाओं से राहत की सांस ले।

## कारवाई की उठ रही मांग

सड़कों पर यहां वहां बैठी हुई गोवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है वहीं रात में रेत के से भरे अवैध डंपर सड़कों पर अंधी गति से दौड़ते हैं जिसमें कई गोवंश एक्सीडेंट का शिकार होकर दम तोड़ दे रहे हैं तो कई घायल हो जा रहे हैं इस बात की समय-समय पर गौवंश संरक्षक और गौ सेवको द्वारा समय-समय पर आवाज उठाते चले आ रहे हैं लेकिन यह पर ऐ यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि सरकार ने लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके इन आवारा मवेशियों के कान में ट्रैक मार्ग लगाया है इस ट्रैक मार्ग से उस मवेशी के मालिक का आधार नंबर लिंक है जिससे पता चल सकता है कि इस मवेशी का मालिक कौन है। अधिकतर गोवंशों के कानों पर ट्रैक मार्क लगा हुआ है इस ट्रैक मार्ग से उनके मालिकों का पता चलता है। ऐसे कई नगर के समझदार गोवंश के मालिक हैं जो अपने गोवंश को पालने का शौक रखते हैं लेकिन सिर्फ और सिर्फ अपने स्वार्थ के कारण मालिक द्वारा इन गोवंशों का दूध दहन करने के बाद उन्हें आवारा सड़कों पर छोड़ देते हैं।

## चरनोई भूमि पर अवैध कब्जा

गांव और आसपास खाली पड़ी सरकारी चरनोई जमीनों पर लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया। इसके चलते मवेशियों को चरने में परेशानी हो रही है। इसमें सरकार की 'जो जहां है, उसे वहीं का पट्टा मिलेगा' की नीति ने सरकारी जमीनों पर सबसे ज्यादा कब्जा करवाया है।

# चरण पादुका कार्यक्रम में बांटे जा रहे जूते-चप्पल-साड़ी व पानी की बोतलें

## सांसद उदय प्रताप एवं विधायक विजयपाल हुए शामिल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शनिवार को सांसद उदयप्रताप सिंह एवं विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर ने विकासखंड सोहागपुर के विभिन्न कार्यक्रमो में हिस्सा लिया। उन्होंने शासकीय हाईस्कूल में निशुल्क साईकिल का वितरण किया। उसके बाद ग्राम कामती में तेंदूपत्ता संग्राहकों को



मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत महिलाओं को चप्पल और साड़ी, पुरुषों को जूते और सभी को पानी की बोतल जीने के लिए आयोजित कार्यक्रम में सामग्री का वितरण किया। सांसद उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आदिवासियों भाई बहनो की चिंता हमेशा से म.प्र.सरकार द्वारा की गई है और अब मुख्यमंत्री द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका के साथ पानी वाटल, साड़ी जूते चप्पल भी वितरण किया जा रहा है। जिससे इन लोगों को तेंदूपत्ता तोड़ने में कोई भी परेशानी न हो। इसी के साथ सोहागपुर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में भी हिस्सा लिया। विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर ने कहा कि शिक्षक और शिष्य के बीच में शिक्षा और ज्ञान का संबंध होता है। हमारे जीवन मे शिक्षा और शिक्षक दोनों ही बहुत जरूरी हैं। आज का दिन शिक्षा का उजियारा फैलाने वाले ऐसे प्रबुद्धजनों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है, जो देश के बच्चों के भविष्य को सँवारने का कार्य कर रहे हैं। विधायक श्री सिंह ने शिक्षकों के सम्मान समारोह में कही और कहा कि सोहागपुर में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। हमारे नौनिहालों को अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए दो सीएम राइज विद्यालय खोले गए हैं। इन विद्यालयों में निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा मिल रही है। खेल-कूद और शारीरिक एवं मानसिक विकास की सुविधाएँ बच्चों को मुहैया कराई जा रही हैं। शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि राष्ट्र निर्माण के लिए सर्वस्व समर्पण के लिए तत्पर भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

# गांव-गांव में विकास रथ से किया जा रहा प्रचार-प्रसार



**नर्मदापुरम।** शासकीय योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले में में विकास रथ चलाए जा रहे है। विकास रथ में लगी एलईडी के माध्यम से नागरिकों को लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, किसान कल्याण के चलाई जा रही योजनाएं जैसी अनेक योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विकास रथ के माध्यम से 9 सितम्बर को सोहागपुर विधानसभा के ग्राम गाजनपुर, माना , मालनी, मनवाड़ा तथा सिवनी मालवा विधानसभा के ग्राम नंदर वाडा, नगर सिवनीमालवा में शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

## नहीं रहे गवांडे मारसब



**सिवनी मालवा।** पूरे जीवन सादगी की बच्चों को अच्छी शिक्षा और सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षक गवांडे मास्साब का आज स्वर्गवास हो गया है। वे 86 वर्ष के थे। उन्होंने पूरा समय ग्राम नंदरवाड़ा के प्राथमिक विद्यालय में पूरी नौकरी की। जॉइनिंग ग्राम नंदरवाड़ा के स्कूल में ही हुई थी।

**प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने 34 शिक्षकों का किया सम्मान**

# सशक्त राष्ट्र और बौद्धिक समाज का निर्माण करते हैं शिक्षक : शर्मा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



राजनीतिक व्यक्तित्व केवल कॉलेज स्कूलों के भवन ही बनवा सकते हैं लेकिन राष्ट और समाज को बनाने का काम तो शिक्षक ही करते हैं शिक्षक ही बच्चों को दिशा देता है ,वास्तव में एक आदर्श समाज को गढ़ने का काम शिक्षक ही करता है उक्त उदगार विधायक डॉ सीता सरन शर्मा ने प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा पंडित भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षक हर दिन सम्माननीय है ,शिक्षक दिवस का दिन तो केवल उस सम्मान के प्रदर्शन का है। उन्होंने कहा कि जब एक शिक्षक देश का राष्टपति बन सकता है तो बाकी क्यों नहीं। डॉ शर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षकों और स्कूल संचालको को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे ने कहा कि शिक्षक स्कूलों मे बच्चों को नैतिक शिक्षा का जो पाठ पढ़ा रहे हैं उससे बच्चों में स्वच्छता के प्रति रुझान बड़ा है, मुझे यह कहने में जरा भी संदेह नहीं की आप जो बच्चों को गड़ रहे हैं, यही बच्चे समाज ,नगर ,प्रदेश, देश को स्वच्छ ,स्वस्थ और सुंदर बनाएंगे। पी एस ए के संरक्षक मंडल के सदस्य दीपक अग्रवाल एवं समाजसेवी मनीष सिंह ठाकुर ने संबोधित किया। प्राइवेट संगठन के संस्थापक संरक्षक शिव भारद्वाज ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में न केवल स्वतंत्रता दिवस ,गणतंत्र दिवस, शिक्षक दिवस ,गांधी जयंती जैसे राष्ट्रीय पर्व आयोजित किए जाते हैं , बल्कि बच्चों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों और त्योहार से परिचित कराने के लिए, होली, रक्षाबंधन, दशहरा दीपावली, गुरु पूर्णिमा, गुरु नानक जयंती, ईद , क्रिसमस, पोंगल, लोहड़ी, जैसे त्यौहार भी मनाए जाते हैं ताकि बच्चे भारतीय संस्कृति संस्कार और त्योहार से परिचित हो सके। साथ ही शिक्षक सरकार, प्रशासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का काम भी करते हैं।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष जाफर सिद्दीकी ने कहा कि मातृशक्ति ही संगठन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है। तत्पश्चात सम्मान समारोह में गुरु नानक देव अवार्ड ललिता पाठक को, रत्नश्री अवार्ड रितु राजपूत को, पारस रत्न अवार्ड शमोनी साहू को, स्वामी विवेकानंद अवार्ड सोनल जैन को, मां रेवा अवार्ड निक्की मिश्रा राजपूत को, आदर्श अवार्ड अनुराधा गालर को, पवन पुत्र अवार्ड नीरज शर्मा को, सन एकेडमी अवॉर्ड वंदना डंढारे को, एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवार्ड सुरेखा धाकड़ को, गोल्डन बर्ड अवॉर्ड नीलिमा कुंभारे को, बालक ध्रुव अवार्ड अर्चना रावत को दिया गया।

**मेट्रो एंकर** | **कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश**

# लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराएं

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में आरसीएमएस में दर्ज राजस्व एवं आपराधिक मामलों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 3 माह से 6 माह के लंबित नामांकन , बटवारा, बंटन के प्रकरणों का गंभीरता पूर्वक निराकरण किया जाए। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण में 70 प्रतिशत से कम प्रगति वाले तहसीलदारों पर असंतोष व्यक्त किया और 1 माह के अंदर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विस्थापन के प्रकरणों का भी पूरी सतर्कता से निराकरण किया जाएं। आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर ने प्रति सप्ताह निर्धारित प्रारूप में अंतरिम एवं फाइनल बाउंडोवर की जानकारी भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जानकारी संबंधित कोर्ट् के बाहर भी चस्पा की जाए। कलेक्टर ने कहा कि आचार



संहिता लागू होने के दौरान भी रेवेन्यू कोर्ट्स का सुचारू रूप से संचालन किया जाए।

कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना फेज 3 के प्रकरणों में पट्टे तैयार कर सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। उन्होंने सभी किसानों की ई केवाईसी भी किए जाने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा की किसानों के ई केवाईसी में बनखेड़ी , सिवनीमालवा एवं माखननगर विशेष ध्यान दें। एनआईसी के माध्यम से किसानों के मोबाइल नंबर पर ई केवाईसी कराने के मैसेज भेजे जाएं। ई केवाईसी के ज्यादा लंबित वाले गांवों में नायब तहसीलदारों की ड्यूटी लगाकर किसानों की ई केवाईसी की कार्यवाही की जाएं। ई केवाईसी में पंचायत के अमले का भी सहयोग ले। कलेक्टर ने राजस्व वसूली में गति लाने के निर्देश दिए सभी तहसीलदारों को दिए। उन्होंने सभी तहसील प्रमुख रूप से नर्मदापुरम नगर, माखननगर एवं बनखेड़ी को राजस्व मांग की भी पुनः समीक्षा के निर्देश दिए। उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की भी कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का पूरी सावधानी और गंभीरता के साथ निराकरण किया जाए। वयवहार न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएं। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 11 सितंबर तक छूटे हुए सभी 18 वर्ष आयु के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।






# जनआशीर्वाद यात्रा लेकर 18 को सिरोंज आएंगे मुख्यमंत्री

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने ऐतिहासिक तैयारियों को लेकर ली मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठक



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सिरोंज लटेरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव की बात है कि प्रदेशभर के विभिन्न शहरों से प्रारम्भ हुई जनआशीर्वाद यात्राओं में से एक यात्रा विदिशा जिले में प्रवेश कर रही है। जनआशीर्वाद की इस यात्रा के माध्यम से स्वयं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का सानिध्य एवं मार्गदर्शन हम सबको मिलने वाला है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन ने सिरोंज विधानसभा के नगर एवं ग्रामीण मंडलो के कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कही।

जनआशीर्वाद यात्रा की तैयारियों को लेकर संस्कार गार्डन में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा की मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने की प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद गाँव गरीब के आमजन के कल्याण के लिए विकास की जितनी योजनाएं बनाकर लागू की है वह इतिहास में आज तक किसी भी सरकार ने नही की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री की जनआशीर्वाद यात्रा के मार्ग में स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने के साथ प्रेरणादायक नवाचार करने का भी आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को आगासौद बीना में रिफायनरी के विस्तारीकरण की अधारशिला रखने पहुँच रहे है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सिरोंज विधानसभा से कार्यकर्ताओं की सहभागिता करने की भी बात कही। बैठक में जनआशीर्वाद यात्रा के विधानसभा प्रभारी रमेश यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर को मुख्यमंत्री ने नेतृत्व में जनआशीर्वाद यात्रा मधुसूदनगढ़ से होते हुए चंदेरी से हमारे जिले में प्रवेश कर लटेरी से होते हुए देर रात्रि सिरोंज पहुँचेगी। मुख्यमंत्री का रात्रिविश्राम सिरोंज में ही रहेगा इसके बाद 18 सितंबर को सुबह देव दर्शन उपरांत सिरोंज नगर के मुख्य मार्गों से रोड़ शो करते हुए स्थानीय बस स्टैंड पर आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद यह जनआशीर्वाद यात्रा भोपाल मार्ग से होते हुए विदिशा के लिए प्रस्थान करेगी। क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में निकलने वाली यात्रा के लिए उन्होंने नगर एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं से पूरे यात्रा मार्ग में पड़ने वाले गाँवो में भी मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करने की अपील की। बैठक को विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने एवम आभार विधानसभा समंवयक हरीबाबू भार्गव में व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा विस्तारक कमलेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दांगी,जिला मीडिया प्रभारी जितेंद बघेल,पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग,संतोष चौरे, मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी,चरण सिंह राजपूत,कार्यवाह अध्यक्ष नितिन मित्तल आदि सहित चितावर,देवपुर एवं नगर मंडल के कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

---

### रेत के अवैध खनन से सेमलखेड़ी एवं धानौदा के ग्रामीण परेशान

# भू-माफियाओं की खुदाई से नदियों में बड़ी-बड़ी खाइयां

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**क्षेत्र में इन दिनों रेत के अवैध उत्खनन का कारोबार खूब फल फूल रहा है। नगर के स्थानीय माफिया धड़ल्ले से दिन-रात नगर व अंचलों में रेत का अवैध रूप से परिवहन करने में लगे हुए है, जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से लेकर तहसील में बैठे जिम्मेदारों से कई बार कर कर दी है। बावजूद इसके यह भूमफिया खुलेआम धड़ल्ले से अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने से नाराज स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव ने सेमलखेड़ी, धानोदा क्षेत्र की छोटी नदी नाले एवं कैथन नदी से लगातार प्रतिदिन सैकड़ो ट्रॉली रेत अवैध रूप से निकलकर बचने एवं स्थानीय लोगों को डरा धमका कर झूठे केस में फसाने को लेकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।**



उनका आरोप है कि क्षेत्र के भू-मफिया इन दिनों धड़ल्ले से छोटी नदियों को अपना शिकार बना रहे हैं रात दिन अवैध रूप से खुदाई कर रहे हैं। नदियों में बड़ी-बड़ी खाई बना दी हैं जब भी इन लोगों से ग्रामीण मना करते हैं तो उन्हें झूठे केस में फसाने एवं दादागिरी करते हैं। इन भू-माफिआओं से क्षेत्र में भय का माहौल है। उनका आरोप है कि लगातार शिकायतों के बाद भी आखिरकार प्रशासन क्यों चुप्पी साधे हुए है जबकि सैकड़ो ट्रॉली रेत प्रतिदिन बिना रॉयल्टी के शहर में बिकने आ रही है। फिर भी प्रशासन कार्यवाही नहीं कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इन अवैध रूप से रेत का उत्खनन करने वाले लोगों के कारण हमारे क्षेत्र की प्रधानमंत्री सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। रात दिन धड़ले से दौड़ रही है ट्रैक्टर ट्राली एवं डंपरों की वजह से लोगों का रहना दुबर हो रहा है। आए दिन हादसे हो रहे हैं, बावजूद इसके प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। गौरतलब है कि नदियों में अवैध रूप से चल रहे रेत उत्खनन कार्य से जहां शासन को लाखों रुपये के रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही नदियों के अस्तित्व पर संकट भी गहराता जा रहा है। कई जगह नदियों में रेत के अवैध उत्खनन के कारण वहां जनजीवन पर भी इसका असर दिखने लगा है।

**यहां होता है रेत का सबसे ज्यादा उत्खनन** – क्षेत्र में सबसे ज्यादा रेत का अवैध उत्खनन केथन नदी के ढिमरौली एवं झागर घाट व शहर से सटे सेमलखेड़ी गांव गुजरी नदी एवं धानोदा की पुलिया के पास से हर दिन इन भू-मफिआओं द्वारा उत्खनन किया जा रहा है। नदी को देखकर ऐसे लगता है जैसे कोई खदान हो जहां खुदाई के कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं बावजूद इसके प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। खनन माफिआओं द्वारा प्रशासन को चुनौती देते हुए खुलेआम अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन लगातार जारी है। जब भी अधिकारियों से उत्खनन की बात करते हैं तो उनका एक ही आश्वासन होता है की बड़ी कार्रवाई करेंगे हम लगातार सक्रिय हैं लेकिन यह कार्रवाई कब होगी और कैसे होगी आज भी संशय ही है। अब देखना बाद ही दिलचस्प होगा कि प्रशासन जाकर क्या कार्रवाई करता है या जनप्रतिनिधि मजबूर होकर आंदोलन को विवश होंगे।

**शहर से सटे इलाकों में अवैध उत्खनन जोरों पर** – भू-माफिआओं द्वारा क्षेत्र की पहाड़ियों को लगातार अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन करने का काम दिन-रात किया जा रहा है। इसके बावजूद भी प्रशासन कार्यवाही करने में असफल दिखाई दे रहा है। या फिर इन भू-माफिआओं को सफेदपोश नेताओं का संरक्षण है जिसके कारण प्रशासन कार्रवाई करने से बच रहा है। यही कारण है कि भू -माफिआ खुलेआम उत्खनन एवं परिवहन कर 24 घंटे नगर में संचालित हो रही अवैध कॉलोनियों में मुरम, कोपरा डालकर अपना धंधा चला रहे हैं। नगर से 2 किलोमीटर दूर देवपुर की घाटी पहाड़ी को इन भू माफिआओं ने खंडहर में तब्दील कर दिया है, तो वही लटेरी रोड पर जगह जगह राजस्व की जमीन को गड्ढों में तब्दील कर दिया है।

**ग्रामीण माइनिंग विभाग के अधिकारियों पर लगा रहे आरोप** – कलेक्टर सिंह यादव का कहना है कि लगातार स्थानीय प्रशासन एवं माइनिंग विभाग के जिला अधिकारी को हम शिकायत कर चुके हैं कई बार फोन के माध्यम से भी अवगत करा चुके हैं बावजूद इसके अधिकारी हमारे फोन को कोई तवज्जो नहीं देते हैं हम लगातार पत्राचार भी कर रहे हैं इसके बावजूद भी यह अधिकारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन लोगों की सांठ गांठ से ही भू-माफिआ अपना अवैध कारोबार धडल्ले से संचालित कर रहे हैं। क्योंकि जैन अधिकारियों को उत्खनन रोकने की जिम्मेदारी सरकार निधि है भाई अपनी जिम्मेदारी सही से नहीं निभा रहे हैं बरसों से एक ही पद पर जमे अधिकारी अब अपनी मनमानी करने लगे उन्हें किसी का कोई खौफनहीं है।

**इनका कहना है -**

*अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभी कुछ दिन पहले भी कार्रवाई की गई थी। आज ही तहसीलदार को बोलकर मैं दिखवाता हूं, यदि कहीं भी उत्खनन हो रहा है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। माइनिंग विभाग को भी लिखेंगे।*

***- हर्षल चौधरी, एसडीएम, सिरोंज***

---

## अग्रवाल तरुण मंडल की घोषित हुई नवीन कार्यकारिणी

**सिरोंज।** श्री अग्रवाल तरूण मंडल 50 वर्षों से अधिक समय से परंपरागत तरीके से महाराजा श्री अग्रसेन जी का जन्मोत्सव वढी धूमधाम से मनाते चला आ रहा है।

संस्था नियत वा सुचारू रूप से चले इस हेतू समाज के युवा ऊर्जावान कार्यकर्ताओं का मनोनयन कर सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी गठित करते हुए । विकास गर्ग को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई है, वहीं नितेंद्र गोयल उपाध्यक्ष, अर्पित मित्तल सचिव, अंकुर मित्तल कोषाध्यक्ष, सुलभ गर्ग को व्यवस्थापक की जिम्मेदारी दी गई है, नितिन मंगल मंगल को से सचिव बनाया गया है अतुल गोयल को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य- प्रणय सिंहल, नवीन मित्तल, मोहित बंसल, हर्षित सिंहल, सचित गोयल, यश गोयल, हिमांशु गर्ग (टीन्नू) साथ ही संस्था के वरिष्ठ सदस्यों को सलाहकार मंडल मे रखा गया।

---

## 67वीं शालेय ताइक्कांडो में मिले दो स्वर्ण पदक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बैतूल मैं आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय शालेय ताइक्कांडो प्रतियोगिताओं में भोपाल संभाग की ओर से नगर के आदर्श ताइक्कांडो क्लब के दो खिलाड़ियों ने भाग लिया था।



उन्होंने अपना उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीत का नगर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिताओं में 10 संभागों की टीम के खिलाड़ियों ने भाल लिया। समर्थ दिनकर ने 25 किलो वर्ग में,एवं जूनियर बालिका वर्ग में कुमारी कृतिका कोहली वर्ग 52 किलोग्राम में खेलते हुए दोनों ने ही अपने-अपने वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। कोच सरदार कुशवाहा ने बताया कि अब यह दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

---

# चुनावी साल में सिरोंज को जिला बनाने का मुद्दा पकड़ रहा जोर

### अभियान समिति की बैठक में सभी दलों से की जाएगी मांग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कुरवाई रोड स्थित अंनत श्री गार्डन में आज सिरोंज जिला बनाओं अभियान समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। अब ऐसा प्रतीत होता है कि सिरोंज को जिला बनाने के अभियान को लेकर प्रत्येक राजनैतिक पार्टी के पास सिरोंज को जिला बनाने का मुद्दा अहम रहेगा। क्योकि अब सिरोंज लटेरी क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता जनप्रतिनिधि और नेताओं से यह प्रष्न कर रहा है कि सिरोंज अभी तक जिला क्यों नही बना। और कब तक सिरोंज जिला बनेगा। जनचर्चा का विषय है कि सिरोंज के जनप्रतिनिधि भाजपा के ही रहें है और भाजपा की ही सत्ता है। फिर भी सिरोंज जिला क्यों नही बना। मध्य प्रदेष की स्थिति यह है कि सिरोंज के क्षेत्रफल को यदि देखा जाए और जो अन्य जिलों की घोषणा हुई है उन क्षेत्रो का क्षेत्रफल सिरोंज से भी कम है।

**भाजपा पर ज्यादा उम्मीद**– सिरोंज लटेरी विधानसभा में शुरू से लेकर अभी तक भाजपा,जनसंघ, सत्ता में रही है। सिर्फतो या तीन बार अन्य पार्टियों ने इस विधानसभा का प्रतिनित्व किया है। लेकिन मध्यप्रदेष से सिरोंज क्षेत्र का सबसे वजनदार प्रतिनित्व पूर्व मंत्री स्वार्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया गया था। तो वही वर्तमान में उन्ही के भाई उमाकांत शर्मा इस विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनित्व कर रहें है। नागरिको के दिलों दिमाग में एक ही



सवाल है कि फिर भी जिला बनाने की घोंषणा क्यों नही हो पाई। जनचर्चा है कि अभी तक जनप्रतिनिधिओं ने आखिर सिरोंज को जिला बनाने में रूचि क्यों नही ली। विगत वर्ष पूर्व जब विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की सत्ता थी तब भाजपा के विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा सिरोंज को जिला बनाने को लेकर धरना प्रदर्षन किए जाते रहें।

**रंग ला सकती है मेहनत :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव सिरोंज जिला बनाओं अभियान समिति के महामंत्री एडवोकेट कपिल त्यागी की सिरोंज को जिला बनाने की जो मुहिम है। जो ग्राम ग्राम में चौपालों व नुक्कड सभाओं के माध्यम से सिरोंज को जिला बनाने के लिए मुहिम चलाई जा रही है। क्षेत्र के सभी सामाजिक संगठनों,सभी समाज के मंदिरों व आम नागरिकों एंव युवाओं का अपार सहयोग व समर्थन मिल रहा है।

---

# भक्ति करने वालों को भगवान मिलते हैं, घमंड करने वालों को नहीं : तिवारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपलियाहट में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । भगवान भाव से ही मिलते हैं।

प्रभाव से कभी नहीं मिलते,मानव जीवन में यदि सच्चा सुख संतुष्टि पुष्टि तुष्टि और समृद्धि चाहते हो तो



गौकर्ण की भूमिका निभाओ धुंधकारी ना बनो,यदि धुंधकारी की भूमिका में जीवन जियोगे तो ध्यान रखना सारे यत्नों के बाद भी जीवन पर्यंत असन्तुष्ट रहकर अंत समय में प्रेत योनि को प्राप्त करोगे,मानव जीवन अनमोल है इसे व्यर्थ में मत गवाओ,आज के मानव जीवन में सुख के संसाधनो का संग्रह तो हम सब कर रहे हैं परंतु सत्कर्म और परमार्थ से हम दूर होते जा रहे हैं और इसी का परिणाम आज हम सब असन्तुष्टि के रूप में हम सबके सामने है, उक्त उदगार आज द्वितीय दिवस की भागवत कथा में कथा व्यास राममोहन तिवारी ने बाबा बर्फानी दरवार में व्यक्त किये।

कथा में आत्मदेव,गौकर्ण धुंधकारी की कथा श्रोताओं को सुनाते हुये जोर दिया कि हमारी नवीन पीढ़ी को आध्यात्मिक की ओर मोड़े, आज समाज आध्यात्मिकता दूर होता जा रहा है जिससे सनातन संस्कृति में संक्रमण फैल रहा है, भागवत परायण का मूल उद्देश्य समाज में सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार ही है,हम सबका दायित्व है कि जितना हो सके उतना भगवत भजन से जुड़े और समाज को जोड़ने प्रयास निरंतर करते रहें।

---


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र. 12/व.ले.लि.-23/2023=24/5175/ भोपाल दिनांक 06.09.2023

**::: निविदा आमंत्रण सूचना :::** (द्वितीय आमंत्रण)

ई-टेंडरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनालइन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की https://www.mptenders.gov.in वेबसाईट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12 (2nd call) | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नर्मदा भवन भोपाल में स्थापित डोम एवं रैंप लिफ्ट (13 पैसेंजर) का प्रतिस्थापन का कार्य | RS 58.77 लाख (रू. अट्ठावन लाखसत्तर हजार मात्र) | RS 50.000.00 (रू. पचास हजार मात्र) | RS 10.000.00 (रु. दस हजार मात्र) | निर्माता Lift company, अथवा निर्माता Lift company द्वारा अधिकृत Dealer/agent/ Service provider एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का वद्युत ठेकेदारी का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र | 06 माह (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि — दिनांक 14.09.2023, 17.30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेबसाईट पर खोलने की अनुमानित तिथि — 18.09.2023, 10.30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिए वेबसाईट www.mptenderes.gov.in का अवलोकन करें।

G19464/23

**कार्यपालन यंत्री**
नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 23
59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

# एसीसी का दो दिवसीय वनडे, एशिया कप का महामुकाबला पार्ट-2



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले किसी भी मुकाबले का पूरी दुनिया के क्रिकेट प्रेमियों को हमेशा बेसब्री से इंतजार रहता है।इसी वजह से दोनो टीमों के बीच होने वाले किसी भी भिड़ंत को महामुकाबला माना जाता है।वहीं जब एशिया कप 2023 में खेलप्रेमियों को इन दोनों टीमों के बीच 3 संभावित मुकाबलों की आस हो तो फिर टूर्नामेंट के मायने ही कुछ अलग नजर आते हैं। किसी भी आयोजन समिति के लिए इनका मुकाबला कितना अहम होता है इस बात का अंदाजा एशियन क्रिकेट संघ के इस फैसले से लगाया जा सकता है जिसके तहत उसने महामुकाबले पार्ट 2 यानी आज होने वाले मैच को दो दिवसीय वनडे में बदलने का फैसला कर लिया।अब अगर आज बारिस की वजह से मैच का फैसला नहीं निकल पाया तो फिर यह वनडे दूसरे दिन तक खेला जाएगा, दूसरे दिन मैच नये सिरे से शुरू करने की बजाय अधूरे मैच को पूरा करने में इस्तेमाल किया जायेगा। पूर्व निर्धारित नियमों में फेरबदल कर मात्र इसी मैच के लिए रिजर्व डे रखे जाने से तमाम तरह के सवाल उठना तय हैं। दरअसल रिजर्व डे का प्रावधान मात्र फायनल मैच के लिए रख गया था, लेकिन टूर्नामेंट के बीच एकाएक लिया गया यह फैसला आने वाले समय मे नए विवादों को जन्म देगा। ऐसा माना जा रहा है कि यह फैसला ब्रॉडकास्टर के दवाब की वजह से लिया गया है, क्योंकि इन दोनों टीमों के बीच खेला गया पहला मुकाबला बारिस की वजह से बेनतीजा रहा था। जिसके कारण ब्रॉडकास्टर को नुकसान उठाना पड़ा था। अगर वाकई में एसीसी ने यह फैसला इसी वजह से लिया है तो फिर क्रिकेट के लिए निश्चिततौर शुभ संकेत कतई नहीं कहे जाएंगे। भले ही भारी बारिश का पूर्वानुमान है, जिसे देखते हुए एसीसी ने यह फैसला लिया है,लेकिन अगर यह फैसला लेना ही था तो फिर यह उन सभी मैचों में लागू होना था, जिसके बीच रिजर्व डे की गुंजाइश थी। रिजर्व डे के फैसले का असर क्या गुल खिलायेगा यह तो वक्त ही बतायेगा, लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि आज से कल तक क्रिकेट प्रेमियों को इस मैच में भरपूर रोमांच देखने को मिल सकता है। इसकी वजह दोनों टीमों का अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान पर उतरना रहेगा। पहले मैच में दोनों ही टीमों ने अपना एक पलड़ा तौल पाई थी, इससे मैच का फैसला नहीं निकला था।पाकिस्तान टीम की असल ताकत उसकी तेज गेंदबाजी ही कही जा सकती है, वहीं टीम इंडिया इस मामले में कागजों पर बेहतर नजर आ रही है।बल्लेबाजी में टॉप आर्डर के फेल होने के बाद जिस तरह किशन और हार्दिक ने किला लड़ाया था उसका फायदा इस मैच में टीम इंडिया को मिल सकता है।यह देखना रोचक रहेगा कि के एल राहुल को इस मैच में किसकी जगह शामिल किया जाता है। अगर ईशान किशन की दमदार पारी के बाद दोनों विकेट कीपर को एकादश में शामिल किया जाता है तो फिर बल्लेबाजी क्रम का उलटफेर भी दिलचस्प रहेगा। टीम इंडिया की गेंदबाजी में बुमराह की वापसी के बाद तेज गेंदबाजी संयोजन टीम मैनजमेंट के लिए माथापच्ची वाला रहेगा। कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम की फिरकी मददगार विकेट को ध्यान में रखते हुए टीम इंडिया के लिए एकादश का चयन भले ही अहम हो सकता है,लेकिन पाकिस्तान टीम की एकादश में ज्यादा फेरबदल की गुंजाइश नहीं है। एशिया कप 2023 के सुपर-4 में होने वाले महामुकाबले पार्ट 2 में बाजी किस टीम के हाथ लगती है यह तो आज या कल तय हो जायेगा, लेकिन अगर दो दिवसीय वनडे के निर्णय का नुकसान टूर्नामेंट की तीसरी टीम को उठाना पड़ता है तो फिर इसमें क्रिकेट भी भलाई तो कहीं से नहीं आंकी जायेगी।

## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

### डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने बोले- 'ब्रह्मास्त्र के साथ जिंदगी के सबक सिखाने के लिए शुक्रिया'



सुरणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म ब्रह्मास्त्र को रिलीज हुए एक साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस फिल्म के सेकंड और थर्ड पार्ट की कन्फर्मेशन दी है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर फिल्म के सेकंड और थर्ड पार्ट के कैंसिल किए जाने की अफवाहों को गलत करार दिया है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म ब्रह्मास्त्र की एक वीडियो क्लिप भी शेयर की है। वीडियो शेयर करते हुए अयान ने लिखा है- 9 सितंबर 2022 के दिन हमनें आपको अस्त्रों की दुनिया से इंट्रोड्यूस कराया। मेहनत, क्रिएटिविटी, फिल्म-मेकिंग और जिंदगी के जरूरी सबक सिखाने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया! अब इस फिल्म को रिलीज हुए 1 साल पूरे हो चुके हैं। ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 और पार्ट 3 पर काम जारी है। आने वाले दिनों में आपके साथ ब्रह्मास्त्र जर्नी के अपकमिंग आर्टवर्क की झलक जरूर शेयर करूंगा।

#### *यूजर्स बोले*- रणबीर-दीपिका को मिलना चाहिए देव-अमृता का रोल

अयान की पोस्ट पर यूजर्स लगातार रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- हम अयान-2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आपको और आपकी पूरी टीम की मेहनत और लगन तारीफ की हकदार है। वहीं एक यूजर ने लिखा-ब्रह्मास्त्र के बहुत बुरे डायलॉग्स और स्क्रीनप्ले देखने के बाद भी मुझे उम्मीद है कि ब्रह्मास्त्र -2 देखने लायक फिल्म होगी। एक ने लिखा कि देव का किरदार रणबीर को ही मिलना चाहिए। रणबीर-दीपिका को देव और अमृता का किरदार मिलना चाहिए। इसके अलावा करण जौहर ने भी फिल्म की एक क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने लिखा- आज मेहनत और ढेर सारे प्यार से बनी इस फिल्म को रिलीज हुए एक साल हो चुका है।



### सोशल मीडिया पर वीडियो किया शेयर
### पति राज कुंद्रा के साथ जंगल सफारी एंजॉय कर रही शिल्पा

शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा के 48वें बर्थडे के मौके पर सोशल मीडिया पर उन्हें विश किया है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर किया है बर्थडे नोट लिखा है। इसमें राज कुंद्रा लंबे समय बाद बिना मास्क के दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा जंगल के बीच से गुजरते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में हिरण नजर आ रहे हैं। शिल्पा खुद ये वीडियो रिकॉर्ड कर रही हैं और ये कोशिश कर रही हैं कि राज भी अपना चेहरा कैमरे की तरफ करें लेकिन राज हिरण की तरफ देख रहे हैं।

#### शिल्पा बोलीं- इस साल बर्थडे पर तोहफे में दूंगी आइना

वीडियो शेयर करते हुए शिल्पा ने लिखा है कि वो इस साल राज के बर्थडे पर उन्हें मिरर गिफ्ट करेंगी क्योंकि वो उन्हें भी वो दिखाना चाहती हैं जो वो रोज देखती हैं। उन्होंने आगे लिखा है कि राज काफी मजाकिया और दयालु हैं। इससे साथ ही वो बहुत अच्छे इंसान भी हैं। शिल्पा ने ये भी कहा कि वो एक पार्टनर के तौर पर परफेक्ट हैं। बता दें बीते दिनों राज कुंद्रा ने कहा था कि वो पोर्नोग्राफी केस में उनका नाम जो? जाने पर फिल्म बनाना चाहते हैं। 2021 में इस केस में गिरफ्तार होने के बाद राज कुंद्रा ने करीब 63 दिन जेल में बिताए थे। राज कुंद्रा ने कहा था कि वो फिल्म के जरिए ये बताना चाहते हैं कि इस केस से नाम जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी में कितनी उथल-पुथल आ गई। शिल्पा शेट्टी ने राज कुंद्रा से 2009 में शादी की थी।

### *अनुराग बोले*- मेरी फिल्में रिलीज नहीं हो सकीं, भाई की फिल्म ने *सौ करोड़* कमाए



*फिल्म मेकर अनुराग कश्यप को शुरुआती दौर में अपने भाई अभिनव कश्यप के नाम का बहुत फायदा मिला। अनुराग को गैंग्स ऑफ वासेपुर बनाते वक्त कोई नहीं जानता था। वे शूटिंग पर जाते तो अपने भाई का परिचय देते थे। दरअसल उनके भाई अभिनव कश्यप ने सलमान खान की सुपरहिट फिल्म दबंग का डायरेक्शन किया था। अनुराग कहते कि वो दबंग बनाने वाले डायरेक्टर के भाई हैं। इतना सुनते ही लोग उन्हें शूटिंग की इजाजत दे देते थे। अनुराग कश्यप ने साइरस भरूचा के पॉडकास्ट में कहा- शुरुआत में मेरे लिए काफी मुश्किल होता था। लोग मेरी फिल्मों को समझ ही नहीं पाते थे। लोग मेरी फिल्म ब्लैक फ्राइडे को फिल्म मानने से इनकार करते थे। मेरे जानने वाले कहते थे कि तुम औरों की तरह फिल्में (मसाला फिल्में) क्यों नहीं बनाते हो। अनुराग कश्यप ने कहा कि उन्हें अपने भाई अभिनव के नाम का बहुत फायदा मिला। हम गैंग्स ऑफ वासेपुर शूट करने के लिए बनारस गए थे। वहां हमें कोई नहीं जानता था। किसी को मेरी फिल्मों के बारे में जानकारी नहीं थी। उस समय कोई भी पूछता कि मैं कौन हूं, तो मेरा जवाब यही होता था कि जिस आदमी ने दबंग बनाई है, मैं उसका भाई हूं। लोग यह सुनकर काफी अच्छा रिस्पॉन्स देते थे, और काफी आराम से लोकेशन पर शूट करने की इजाजत दे देते थे। अनुराग कश्यप के भाई अभिनव कश्यप ने दबंग का डायरेक्शन किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।*

## सुपर-4 स्टेज का तीसरा मैच कोलंबो में आज खेला जाएगा

# इस बार भी भारत-पाकिस्तान मैच पर बारिश का खतरा

**कोलंबो, एजेंसी**

**एशिया कप सुपर-4 स्टेज में भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में मैच पूरा नहीं हो पाता है तो 11 सितंबर को रिजर्व-डे रखा गया है। सुपर-4 स्टेज का तीसरा मैच भारत और पाकिस्तान के बीच 10 सितंबर को श्रीलंका के कोलंबो में खेला जाएगा। इस दिन कोलंबो में बारिश होने के 90 फीसदी आसार हैं तापमान 26 से 32 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।**

भारत और पाकिस्तान के बीच सुपर-4 स्टेज मैच के लिए 11 सितंबर को रिजर्व-डे रखा गया है। 10 सितंबर को मैच जहां रुकेगा, 11 सितंबर को वहीं से खेला जाएगा। दरअसल, इससे पहले, 2 सितंबर को भारत-पाकिस्तान का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। बता दें, किसी और सुपर-4 मैच के लिए रिजर्व डे नहीं है, सिर्फ भारत-पाकिस्तान के लिए ही है। किसी और मैच में बारिश होती है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। भारत-पाकिस्तान मैच के अलावा सिर्फ एशिया कप 2023 फाइनल के लिए रिजर्व-डे रखा गया है।



### मैच शुरू होने के समय भारी बारिश के आसार

एक्यूवेदर के मुताबिक, श्रीलंका के मौसम विभाग के अनुसार रविवार को कोलंबो में मैच के समय दोपहर 2 बजे से भारी बारिश के आसार हैं। भारत और पाकिस्तान का मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे से खेला जाना है। टॉस दोपहर 2.30 बजे होगा। कोलंबो में बारिश की वजह से टीम इंडिया ने इंडोर स्टेडियम में प्रैक्टिस की। टीम इंडिया के इंडोर प्रैक्टिस की फोटो BCCI ने ट्वीट की है। कोलंबो में सुपर-4 स्टेज के बाकी 5 मैच खेले जाने हैं। इस बीच कोलंबो शहर में बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात बन गए। वेदर रिपोर्ट्स के अनुसार, कोलंबो में 17 सितंबर तक तेज बारिश की संभावना है। पहले खबरें आ रही थीं कि मैचों को कोलंबो से हंबनटोटा शिफ्ट किया जाएगा। लेकिन इस बात पर सहमति नहीं बन पाई है, इसलिए फिलहाल कोलंबो में ही सुपर-4 के मैच होंगे। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेला गया वनडे मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया। वनडे के इतिहास में ऐसा 44वीं बार हुआ, जब भारत का मैच रद्द हुआ है। इस मामले में टीम इंडिया पहले से ही वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हुए है। भारत का हर 24वां वनडे रद्द हो जाता है। रद्द होने वाले मैचों के पीछे बारिश सबसे बड़ा फैक्टर है। हालांकि, कुछ मैच बिना बारिश के भी रद्द हुए हैं।

### पाकिस्तानी बॉलर फॉर्म में

एशिया कप में ग्रुप स्टेज के 6 और सुपर-4 स्टेज का एक मुकाबला खेला जा चुका है। इसमें पाकिस्तान के सभी बॉलर फॉर्म में है। इसके निपटने की रणनीति भारतीय टीम को बनाना जरूरी है। अभी तक के टूर्नामेंट में जितने भी मैच हुए उनमें पाकिस्तानी बॉलरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए उनसे निपटने की रणनीति तैयारी आवश्यक है। टूर्नामेंट का पाकिस्तान लेग खत्म हो गया है, अब बचे हुए सभी 6 मैच श्रीलंका के कोलंबो शहर में होंगे। टॉप विकेट टेकर में 3 पाकिस्तानी गेंदबाजों का दबदबा है, वहीं टॉप बैटर्स में पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे नंबर पर हैं। दोनों ही जगह कोई भी भारतीय प्लेयर टॉप-5 में भी जगह नहीं बना सका। इस स्टोरी में हम आधे एशिया कप के बाद इस टूर्नामेंट के टॉप प्लेयर्स की परफॉर्मेंस जानेंगे।

## कॉन्वे-मिचेल की नाबाद शतकीय पारी, इंग्लैंड को मिली करारी हार

# वनडे मैच की सीरीज में न्यूजीलैंड 1-0 से आगे

**डेरिल, एजेंसी**



इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच 4 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला कार्डिफ में खेला गया। न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 8 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 291 रन बनाए। वहीं न्यूजीलैंड ने ड्वेन कॉन्वे और डेरिल मिचेल की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत 297 रन बना लिया।इंग्लैंड पूर्व स्टार ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ भी मैच देखने पहुंचे थे। मैच के दौरान फ्लिंटॉफ को इंग्लैंड के ड्रेसिंग रूम में देखा गया। फ्लिंटॉफ दिसंबर 2022 में एक कार एक्सीडेंट में घायल हो गए थे। उन्हें एयरलिफ्ट कर हॉस्पिटल ले जाया गया था। दरअसल, वे टीवी शो द गियर के लिए शूटिंग कर रहे थे। उसी दौरान कार चलाते वक्त हादसा हो गया। फ्लिंटॉफ नौ महीने में पहली बार पब्लिक के सामने आए हैं। मैच के दौरान इंग्लैंड के ड्रेसिंग में एंड्रयू फ्लिंटॉफ। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर फ्लिंटॉफ को दिसंबर में दुर्घटना के दौरान चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर फ्लिंटॉफ को दिसंबर में दुर्घटना के दौरान चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड का पहला विकेट 80 रन पर गिरा। ओपनर हैरी ब्रूक ने 25 और डेविड मलान ने 54 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाए। वहीं लियाम लिविंगस्टोन इंग्लैंड की ओर से दूसरे टॉप स्कोरर रहे।

## राजस्थान रॉयल्स खरीद सकता है इंग्लिश काउंटी टीम

**मुंबई, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी इंग्लैंड की काउंटी टीम यॉर्कशायर को खरीद सकती है। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने यॉर्कशायर को खरीदने के लिए 260 करोड़ की बोली लगाई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, क्लब इस डील को एक्सेप्ट करने पर विचार कर रहा है। आरआर के पैसों से क्लब टीम पर लगे 155 करोड़ रुपए का कर्ज चुकाएगा। यॉर्कशायर क्लब इस वक्त कर्ज में डूबा हुआ है। क्लब के पूर्व चेयरमैन कोलिन ग्रेव्स ने 15 मिलियन यूरो का कर्ज ले रखा है। इसे ही चुकाने के लिए क्लब को बेचा जा रहा है। पिछले सप्ताह खबरें आई थीं कि फुटबॉल क्लब न्यूकासल के मालिक माइक एश्ले यॉर्कशायर को खरीद लेंगे, लेकिन अब राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने नई बोली लगाई है, जो बाकियों के मुकाबले बहुत ज्यादा है।

## Life&Style METRO

### आंखों का रखें ख्याल, क्योंकि यही दिखाती है हमें सजीव रंग...

आजकल हम दिन के 10-12 घंटे लैपटॉप, कंप्यूटर, टीवी या फोन की स्क्रीन के सामने गुजारते हैं। ज्यादा स्कीन टाइम से हमारी आंखों पर बुरा असर होता है। हमारी आंखों में दर्द, आंखों के नीचे काले घेरे पड़ने लगते हैं। ये तो हुई वो बात जिसे हम पहले से ही जानते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन हमारी आंखों पर कैसे असर कर रही है। आखिर कैसे हमारी आंखें स्क्रीन की वजह से खराब हो जाती हैं। ***सबसे पहले जानिए की स्क्रीन आंखों को नुकसान क्यों पहुंचाती है...*** ब्रिटेन में ब्रैडफोर्ड यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर नीमा घोरबानी मोजराद का कहना है कि ऑफिस मीटिंग हो या ऑनलाइन स्टडी फोन, लैपटॉप हर जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। हालांकि, इससे आंखों को बहुत नुकसान पहुंचता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम जन्म से ही दूरदर्शी हैं, यानी हमें पास रखे समान की तुलना में दूर रखा सामान साफ तौर पर दिखाई देता है।



#### स्क्रीन आंखों को पहुंचाती है नुकसान

जब हम किसी चीज पर पास से फोकस कर रहे होते हैं तो सिलिअरी मसल्स- जो लेंस के शेप के मुताबिक एडजस्ट होते हैं, सिकुड़ जाती हैं। इससे लेंस का शेप ज्यादा स्फेरिकल (गोलाकार) होता है। ये किसी भी चीज पर फोकस करने में रेटिना की मदद करता है। इसे आसान शब्दों में ऐसे समझें- सिलिअरी मसल्स पर ज्यादा जोर पड़ने से वो फैलने लगती हैं। इससे लेंस को वापस फ्लैट आकार देने की आंख की क्षमता कमजोर हो जाती है। इससे आंखों की पुतलियां भी बढ़ने लगती हैं, जिससे इसकी संरचना और रेटिना पर प्रकाश केंद्रित करने की क्षमता में स्थाई परिवर्तन हो सकता है। बढ़ी हुई आंखों की पुतलियों से दूर की चीजों को देखने पर फोकस रेटिना के सामने होता है जिससे चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी के डॉ. राज मातुरी का कहना है कि ऐसे सबूत हैं कि इन चश्मों से दिमाग से मैलाटोनिन का फ्लो बाधित होता है। इससे नींद न आने की समस्या बढ़ जाती है। एक्स्पर्ट्स का कहना है कि मोबाइल या कंप्यूटर से नीली रोशनी बहुत कम निकलती है, इसलिए चश्मे से इसे रोकने से आंखों के तनाव में कोई राहत नहीं मिलती है।



#### बढ़ती है रेटिना की दूरी

अगर आप चार घंटे या ज्यादा समय कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बिताते हैं तो आंखों के लिए जोखिम बना रहेगा जो चश्मे से कम नहीं होगा। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारी आंखें परफैक्ट विजन पाने के लिए विजुअल एन्वायर्नमेंट और जेनेटिक सिग्नल्स पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, जिन लोगों को मायोपिया है, उनकी आंखें किसी तरह का एडजस्मेंट नहीं कर पातीं और उनकी आंखें की लंबाई बढ़ती जाती है। आसान शब्दों में कहें तो लेंस और रेटिना के बीच की दूरी बढ़ने लगती है।

#### आंखों में होने वाले तनाव को समझिए..

एक्सपर्ट्स का कहना है कि नीली रोशनी का वास्तव में आंखों की समस्या से कोई लेना-देना ही नहीं है। 17 स्टडी के एनालिसिस में कहा कि इन चश्मों को लेकर इस तरह का दावा सही नहीं है। ये आंखों को तनाव से राहत नहीं देते। एक्स्पर्ट्स कंप्यूटर विजन सिंड्रोम के पीछे नीली रोशनी को दोषी नहीं मानते। मेलबर्न यूनिवर्सिटी में ऑप्टोमेट्री और विजन साइंसेज की एसोसिएट का कहना है कि वास्तव में आंखों के तनाव को लेकर नीली रोशनी को दोष देना ही अपने आप में हैरान करने वाला है। लंबे स्क्रीन टाइम के बाद सिरदर्द, धुंधला दिखाई देना, आंखों में जलन आदि की शिकायतें कंप्यूटर विजन सिंड्रोम में आती हैं। उनकी टीम ने पाया है कि नीली रोशनी को फिल्टर करने वाले चश्मे के दूसरे साधारण चश्मे के मुकाबले कोई एडिशनल एडवांटेज नहीं हैं।





स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022